@Qpatrika

@qaumipatrika hindi

instagram.com/ qaumipatrika

कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

गुरुवार, 15 जनवरी 2026

VISIT: www.qaumipatrika.in Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 19 अंक 72 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

ऑपरेशन पवन में शामिल रहे शांति सैनिकों के योगदान को मान्यता : राजनाथ सिंह

● सैनिक के लिए रिटायरमेंट बस एक शब्द होता है। असल मायने में कोई सैनिक कभी रिटायर नहीं होता।

एजेंसी

नई दिल्ली। 'ऑपरेशन पवन' में भारतीय सेनाओं ने अद्भुत साहस, शौर्य और पराक्रम का परिचय दिया। कई सैनिकों ने कर्तव्य की राह पर चलते हुए वीरगति प्राप्त की। उनका साहस और बलिदान हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा होनी ही चाहिए। बुधवार को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यह बात कही। भारतीय सेना के कई वीर जवानों ने वर्ष 1987 से 1990 के बीच श्रीलंका में शांति, स्थिरता और क्षेत्रीय सद्भाव बनाए रखने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन पवन' में सर्वोच्च बलिदान दिया था। सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर राजनाथ सिंह ने कहा, ''आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार 'ऑपरेशन पवन' में भाग लेने वाले शांति सैनिकों के योगदान को न केवल खुले मन से स्वीकार कर रही है, बल्कि उनके योगदान को हर स्तर



पर मान्यता देने की प्रक्रिया भी चल रही है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जब 2015 में अपनी श्रीलंका यात्रा पर गए थे, तो उन्होंने इंडियन पीस कीपिंग फोर्स मेमोरियल पर अपनी तरफ से भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की थी। अब हम नई दिल्ली स्थित 'नेशनल वॉर मेमोरियल' पर भी इंडियन पीस कीपिंग फोर्स के शांति सैनिकों के योगदान को पहचान प्रदान कर रहे हैं और उन्हें पूरा सम्मान भी दे रहे हैं।''

राजनाथ सिंह ने कहा, 'मैं आज से लगभग 40 साल पहले इंडियन पीस कीपिंग फोर्स के रूप में श्रीलंका में शांति स्थापना के लिए चलाए गए सैन्य अभियान में भाग लेने वाले सभी पूर्व सैनिकों का भी स्मरण करना चाहता हूं। श्रीलंका में भारतीय सेनाओं को भेजने का जो निर्णय तत्कालीन सरकार ने लिया था, उस पर बहस की गुंजाइश है, मगर 'ऑपरेशन पवन' में भाग लेने वाले इंडियन पीस कीपिंग फोर्स के सैनिकों की जो उपेक्षा की गई, उसे किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता। भारतीय सेना ने जो बलिदान और संघर्ष उस दौरान किया, उसका सम्मान किया जाना चाहिए था।''

रक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी सैनिक के लिए रिटायरमेंट बस एक शब्द होता है। असल मायने में कोई सैनिक कभी रिटायर नहीं होता। आप सब, जब सर्विस से रिटायर हुए, तो क्या आपकी सेवा समाप्त हो गई? बिल्कुल नहीं। आपकी वर्दी का रंग बदल सकता है, आपके काम करने की जगह बदल सकती है, आपके आसपास रहने वाले लोग बदल सकते हैं, लेकिन आपके दिल में देशभक्ति और सेवा की भावना वैसी की वैसी ही बनी रहती है। रक्षा मंत्री ने कहा, ''पूरा देश हर क्षेत्र में आपके योगदान को देख रहा है, महसूस कर रहा है। हमारी सरकार का भी यह मानना है कि हमारे सैनिक और पूर्व सैनिक देश के मजबूत स्तंभ हैं। उनकी देखभाल करना, हमारा नैतिक और भावनात्मक कर्तव्य है। हमारी सरकार ने भी अपने पूर्व सैनिकों के लिए, बीते वर्षों में कई ठोस फैसले लिए हैं और आने वाले समय में भी यह सिलसिला रुकेगा नहीं।

माघ मेला प्रयागराज में मकर संक्रांति पर उमड़ा आस्था का सैलाब

● 2 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम में किया स्नान

एजेंसी

प्रयागराज। प्रयागराज में माघ मेला इस बार भी अपने रंग में रंगा हुआ है। मकर संक्रांति और षटतिला एकादशी के शुभ संयोग की वजह से संगम पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। बुधवार सुबह 8 बजे तक ही करीब 15 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान कर आस्था का अनुभव लिया। इस दौरान युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई संगम में डुबकी लगाता हुआ नजर आया। इस कड़ाके की ठंड में संगम तट पर श्रद्धालुओं की संख्या देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि ये सिर्फ स्नान का अवसर नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और सनातन परंपरा का जश्न भी है। वहीं, इस बार मकर संक्रांति स्नान पर्व पर अनुमान है कि 2 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में डुबकी लगाई। ऐसे में सुरक्षा-व्यवस्था भी बहुत सख्त है। पुलिस और सुरक्षा बल हर जगह तैनात हैं। मेला प्रशासन ने 13 जनवरी से ही चार पहिया वाहनों की एंट्री बैन कर दी है, ताकि जगह-जगह भीड़ नियंत्रण में रहे। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने बताया कि संगम तट पर घुड़सवार पुलिस, फुट पेट्रोलिंग, जल पुलिस और आरएएफ जवान पूरे एहतियात के साथ काम कर रहे हैं। साथ ही बाडराज कंपनी भी लगी हुई है, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। उन्होंने बताया कि भीड़ को सुगमता से संगम तक लाने और वहां से वापस उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए विशेष डायवर्जन प्लान बनाया गया है। कमिश्नर

ने कहा कि अभी भीड़ अच्छी है और सभी लोग सुरक्षित हैं। हालांकि यदि भविष्य में भीड़ और बढ़ती है, तो आपातकालीन योजनाएं तैयार हैं। एआई कैमरों के जरिए भीड़ की लगातार मॉनिटर की जा रही है और उसी के आधार पर प्रशासन आवश्यक कदम उठा रहा है। गौरतलब है कि 23 साल बाद मकर संक्रांति पर एकादशी का दुर्लभ संयोग बना है, जिस वजह से इस दिन स्नान का महत्व कई गुना बढ़ गया है। इस मौके पर लोग सिर्फ प्रयागराज ही नहीं, बल्कि वाराणसी, अयोध्या और मथुरा जैसे धार्मिक शहरों से भी अपने-अपने घाटों पर पहुंच रहे हैं। हर जगह श्रद्धालुओं का हुजूम आस्था की गूंज और भक्तिभाव का प्रतीक बनता दिख रहा है।

मकर संक्रांति पर दिल्ली को बड़ी सौगात

● सीएम रेखा गुप्ता ने 81 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का किया उद्घाटन

एजेंसी

नई दिल्ली। मकर संक्रांति के अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को बड़ी सौगात दी है। बुधवार को उन्होंने दिल्ली भर में 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नए केंद्रों के शुरू होने से दिल्ली के नागरिकों को उनके घर के पास ही बेहतर, सुलभ और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उद्घाटन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि इससे पहले दिल्ली में 238 आयुष्मान आरोग्य मंदिर पहले से ही काम कर रहे थे। अब 81 नए केंद्र जुड़ने के बाद राजधानी में कुल 319 आयुष्मान आरोग्य मंदिर हो जाएंगे। उन्होंने कहा, 'आज मकर संक्रांति के दिन 81 नए आरोग्य मंदिर शुरू किए गए हैं। इसके साथ ही दिल्ली के लोगों को अधिक आरामदायक और आसानी

से उपलब्ध होने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। ' मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की तरह काम करते हैं और दिल्ली की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि ये केंद्र बड़े अस्पतालों पर बढ़ते दबाव को कम करेंगे और आम लोगों की रोजमर्रा की स्वास्थ्य जरूरतों को समय पर पूरा करने में मदद करेंगे। अब नागरिकों को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए दूर बड़े अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। रेखा गुप्ता ने यह भी बताया कि दिल्ली सरकार का लक्ष्य पूरे शहर में कुल 1,100 आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित करने का है और इस दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। आने वाले महीनों में और भी केंद्र शुरू किए जाएंगे। इस मौके पर भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने कहा कि जिस तरह से आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निर्माण किया जा रहा है, वह सराहनीय है। उन्होंने बताया कि भीम नगर और मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में यह आठवां आरोग्य मंदिर है और यहां दो और आरोग्य मंदिर बनाए जाने हैं। एक दिन पहले दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने भी इस योजना को लेकर अहम जानकारी दी थी।

प्रयागराज में चार बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

एजेंसी

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में बुधवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिससे पूरे इलाके में कोहराम मच गया। पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के कुसुआ गांव में स्थित एक तालाब में डूबने से चार किशोरों की मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही गांव में कोहराम मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुरामुफ्ती थाने के अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि गांव से एक किलोमीटर की दूरी पर तालाब पर नहाने आए थे। इस दौरान वे चारों डूब गए। सभी के शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। इनमें तीन नाबालिग बच्चे और एक युवक शामिल थे। पूरे मामले की जांच की जा रही है। गांव के लोगों ने आशंका जताई है कि खेलते-खेलते वे तालाब के गहरे हिस्से में चले गए और एक के बाद एक डूबते चले गए। तालाब के किनारे बच्चों के कपड़े और चप्पल मिलने से इस बात को बल मिला है कि वे वहीं आसपास मौजूद थे। काफी देर तक जब बच्चे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की, जिसके बाद तालाब में उतराकर खोजबीन की गई और चारों के शव बरामद हुए। उधर, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुरामुफ्ती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला तालाब में डूबने का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है।

तीन देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को अपने परिचय पत्र सौंपे

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में तीन देशों के राजदूतों की तरफ से दिए गए उनके परिचय पत्र स्वीकार किए। राष्ट्रपति भवन के अनुसार, परिचय पत्र सौंपने वालों में त्रिनिदाद और टोबैगो के उच्चायुक्त चंद्रदथ सिंह, ऑस्ट्रिया के राजदूत डॉ. रॉबर्ट ज़्शिग और अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर शामिल थे। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने सभी राजदूतों का स्वागत किया और उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं।

दो राजमार्गों पर एनएचएआई ने लॉन्च की तात्कालिक सुरक्षा चेतावनी पहल, आवारा पशुओं की आवाजाही को लेकर करेगा सतर्क

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने बुधवार को जयपुर-आगरा और जयपुर-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग मार्गों पर आवारा पशुओं की आवाजाही से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए तात्कालिक (रीयल-टाइम) सुरक्षा चेतावनी की पायलट परियोजना लॉन्च की। इसे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत चल रहे सड़क सुरक्षा माह 2026 पर दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के साथ मिलकर लांच किया गया।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि यह परियोजना उन क्षेत्रों में लागू की जा रही है जिन्हें आवारा पशुओं की आवाजाही के लिए संवेदनशील माना गया है। इस परियोजना के तहत वाहन चालकों को लगभग 10 किलोमीटर पहले ही चेतावनी संदेश भेजा जाएगा ताकि वे सावधानी बरत सकें और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। मंत्रालय के अनुसार, यात्रियों को सुरक्षा परामर्श फ्लैश संदेश और ध्वनि चेतावनी के माध्यम से दिया जाएगा। हिंदी में जारी संदेश होगा- 'आगे आवारा पशु ग्रस्त क्षेत्र है। कृपया धीरे और सावधानी से चलें।' इसके बाद ध्वनि चेतावनी भी यही संदेश प्रसारित करेगी। अलर्ट थकान से बचाने के लिए एक ही उपयोगकर्ता को 30 मिनट के भीतर दोबारा संदेश नहीं भेजा जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि इस पहल में दूरसंचार तकनीक का उपयोग कर समय पर और लक्षित परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। चेतावनी उन क्षेत्रों में जारी होगी जिन्हें दुर्घटना आंकड़ों और मैदानी जानकारी के आधार पर पशु-बाहुल्य क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है।

'झूठ बोलना ममता बनर्जी की पुरानी आदत'

● महिलाएं ही करेंगी उनके खिलाफ मतदानः सुकांत मजूमदार

एजेंसी

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के हालिया बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने दावा किया कि इस बार राज्य की महिलाएं ममता बनर्जी के खिलाफ वोट करेंगी। सुकांत मजूमदार ने कहा कि ममता बनर्जी को झूठ बोलने की आदत बहुत पहले से है। किसी भी तरह से महिलाओं को निशाना बनाने का सवाल ही नहीं है। महिलाएं ही इस बार ममता बनर्जी के खिलाफ वोट करने जा रही हैं। राज्य की महिलाएं मौजूदा हालात से चिंतित हैं और बदलाव चाहती हैं। भाजपा नेता ने आगे कहा कि महिलाओं को इस बात का डर है कि कहीं पश्चिम बंगाल की स्थिति बांग्लादेश जैसी न हो जाए। उन्होंने दावा किया कि इसी आशंका के चलते महिलाओं ने मन बना लिया है

कि वे ममता बनर्जी के खिलाफ मतदान करेंगी। राज्य की जनता, खासकर महिलाएं, अब सच्चाई को समझ रही हैं। सुकांत मजूमदार ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि अनाप-शनाप बोलना ममता बनर्जी की आदत बन चुकी है। इस बार पश्चिम बंगाल की जनता ममता बनर्जी को सबक सिखाने वाली है। लोग अब मौजूदा सरकार से परेशान हो चुके हैं और बदलाव की दिशा में कदम उठाएंगे। दरअसल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने दावा किया था कि चुनाव आयोग ने एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स का इस्तेमाल कर मतदाता सूची से नाम काटे हैं। इस आरोप पर प्रतिक्रिया देते हुए सुकांत मजूमदार ने कहा कि एआई का इस्तेमाल करना कोई अपराध नहीं है। अगर उन्हें एआई नहीं आता, तो वे इसका इस्तेमाल न करें। आज हर जगह एआई का उपयोग हो रहा है।

लोकसभा अध्यक्ष की केन्या, मालदीव, त्रिनिदाद-टोबैगो और सेशेल्स के संसदीय प्रतिनिधियों से मुलाकात

● **उल्लेखनीय है कि राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन का उद्घाटन यहां गुरुवार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे।**

एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रमंडल देशों के लोकसभा अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने केन्या, मालदीव, त्रिनिदाद और टोबैगो तथा सेशेल्स के संसदीय प्रतिनिधियों से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों और संसदीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर इन मुलाकातों की जानकारी साझा करते हुए भारत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और लोकतांत्रिक जुड़ाव को बताते हुए भविष्य में इन देशों के साथ सहयोग

बढ़ाने पर प्रतिबद्धता जताई। ओम बिड़ला ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर केन्या की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष डॉ. मोसेस मसिका वेटांगुला से मुलाकात की जानकारी देते हुए कहा कि उनके साथ गर्मजोशी पूर्ण चर्चा हुई। उन्होंने भारत और केन्या के साझा ऐतिहासिक संबंधों का जिक्र करते हुए महात्मा गांधी के अफ्रीका प्रवास और केन्या में गुजराती समुदाय के योगदान पर चर्चा के बारे में बताया। बिड़ला ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध अब बहुआयामी साझेदारी में बदल चुके हैं, जिसमें उच्चस्तरीय यात्राएं, व्यापार-निवेश और जनसंपर्क शामिल हैं। बिड़ला ने एक अन्य पोस्ट में मालदीव की पीपुल्स मजलिस के अध्यक्ष अब्दुल रहीम अब्दुल्ला से मुलाकात में भारत-मालदीव के लंबे समय से चले आ रहे संबंधों को साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और आपसी सम्मान पर आधारित बताया।

उन्होंने कहा कि अब्दुल्ला से रक्षा, सुरक्षा, आधारभूत संरचना और सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। भारत संसद अपने एआई-सक्षम नवाचारों, बहुभाषी वास्तविक समय अनुवाद प्रणाली और डिजिटल संसदीय प्रक्रियाओं का अनुभव मालदीव के साथ साझा करने को तैयार है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 16 जनवरी को एक दिवसीय दौरे पर राजस्थान आएंगी

जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 16 जनवरी को एक दिवसीय दौरे पर राजस्थान आ रही हैं। राष्ट्रपति दोपहर

1:40 बजे जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचेंगी, जहां से वे सड़क मार्ग से दोपहर 2:10 बजे लोक भवन पहुंचेंगी। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार राष्ट्रपति दोपहर 3:50 बजे लोक भवन से प्रस्थान करेंगी और 4:20 बजे नींदड़ हाउसिंग स्कीम हरमाड़ा पहुंचेंगी, जहां वे रामानंद मिशन की ओर से आयोजित 1008 कुंडीय हनुमान महायज्ञ में भाग लेंगी। इसके पश्चात राष्ट्रपति शाम 5:50 बजे जयपुर एयरपोर्ट से वापस दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

मकर संक्रांति का सूर्य जरूरतमंद लोगों की मदद करने का संदेश देता है: नितिन नबीन

● 'दिल्ली में भाजपा की जीत का एक सूत्रधार पूर्वांचल समाज भी है'

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन ने बुधवार को कहा कि मकर संक्रांति का सूर्य नई रोशनी, नई उमंग, नया उत्साह देने के साथ ही हमें जरूरतमंद लोगों की मदद करने का संदेश देता है। नितिन नबीन यहां दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर पूर्वांचल मोर्चा द्वारा आयोजित सहभोज कार्यक्रम को सबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष संतोष ओझा समेत कई प्रमुख नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। सचदेवा ने कहा कि पूर्वांचल समाज द्वारा मकर संक्रांति पर किए गए भव्य आयोजन ने उनकी सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक एकता और उत्साह को दर्शाया है। मकर संक्रांति का आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि पूर्वांचल समाज की संगठनात्मक शक्ति और

सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। उन्होंने सभी आयोजकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा पूर्वांचल समाज के विकास, सम्मान और अधिकारों के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत का एक सूत्रधार पूर्वांचल समाज भी है जिन्होंने 27 साल के बाद भाजपा को सत्ता में लाने में प्रमुख भूमिका निभाई है।

हिन्दू समाज में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिएः नरेन्द्र ठाकुर

● **त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में हुआ हिन्दू सम्मेलनजाति को नहीं मानता संघ का स्वयंसेवकः नरेन्द्र ठाकुर**

एजेंसी

लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख ने नरेन्द्र ठाकुर कहा कि हिन्दू समाज में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। संघ भेदभाव नहीं मानता, लेकिन समाज में है। समाज के अंदर के भेदभाव, जातिगत भेदभाव, छुआछूत, भाषा व क्षेत्र के भेद से ऊपर उठकर हमें एक साथ खड़ा होना होगा तभी हम संगठित हो सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख ठाकुर बुधवार को यहां वृन्दावन योजना स्थित त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर के प्रांगण में हिन्दू सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। नरेन्द्र ठाकुर ने कहा कि हमारे धर्म ग्रन्थों में जाति के नाम पर छुआछूत का उल्लेख नहीं है।

छुआछूत गुलामी के काल में आयी हुई कुरीति है। इसलिए संघ के अंदर किसी प्रकार की जाति नहीं मानी जाती है। संघ का स्वयंसेवक जाति को नहीं मानता। ठाकुर ने कहा कि संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव राव सदाशिवराम गोलवलकर श्रीगुरूजी ने सभी संतों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया। संतों के माध्यम से हिन्दवः सोदरा सर्वे का उदघोष कराया। सभी हिन्दू सहोदर हैं। हिन्दू पतित नहीं हो सकता। सब समान हैं। समाज में आयी बुराई को दूर करने के लिए संघ ने प्रयत्न किया। समाज की कुरीतियों को दूर करना होगा तब हमारा समाज एक हो सकता है। साथ चलना है, संगठित होना है तो जातिगत भेदभाव छुआछूत,भाषा के भेद से ऊपर उठना होगा।

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूर्व सैनिकों की भूमिका पर गर्व महसूस कर रहे : जनरल द्विवेदी

नई दिल्ली (एजेंसी)। सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को 10वें पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर शुभकामनाएं दीं और पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्र के प्रति उनके निरंतर योगदान को रेखांकित किया। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित पूर्व सैनिक दिवस 2026 समारोह में सीओएएस जनरल द्विवेदी ने कहा कि 10वें पूर्व सैनिक दिवस के मौके पर आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। सर्वप्रथम, मैं हमारे सभी पूर्व सैनिकों के प्रति अपना सम्मान व्यक्त करता हूं। मैं हमारी बहादुर महिला सैनिकों के परिवारों को सलाम करता हूं। हर सैनिक एक दिन पूर्व सैनिक बनेगा, हम सभी एक ही पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा हैं। उन्होंने देश की जरूरत के समय पूर्व सैनिकों द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया, विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनके प्रयासों की सराहना की। जनरल द्विवेदी ने कहा मुझे यह कहकर गर्व हो रहा है कि हमें उम्मीद से कहीं अधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आप सभी ने अमूल्य सहयोग प्रदान किया और राष्ट्र आपके साहस को सलाम करता है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निजी सुरक्षा और राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) में पूर्व सैनिकों की बढ़ती भागीदारी के बारे में भी बात की और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर जोर दिया। एक ओर हमारे पूर्व सैनिक निजी सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वे एनसीसी में भी अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं।

आंतकी संगठनों से संबंध, 5 सरकारी कर्मचारियों को निकाला... गुस्से से लाल हुई महबूबा

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू और कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के आंतकी संगठनों से कथित संबंधों के आरोप में 5 सरकारी कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने के फैसले की आलोचना कर फैसले को मनमाना और अन्यायपूर्ण बताया। महबूबा ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में इस तरह की कार्रवाइयों को खतरनाक रूप से सामान्य मान लिया गया है। महबूबा ने लिखा कि यह सिर्फ सरकारी कर्मचारी का मामला नहीं है। हर बर्खास्तगी के पीछे परिवार है, जिसे इस फैसले ने अंधकार में धकेल दिया है और यह एक तरह की सामूहिक सजा है, जिसमें भारत सरकार की कठोर नीतियों के कारण पूरे परिवार रातोंरात बर्बाद होते हैं। उन्होंने कहा कि अन्याय को सामान्य मानना बंद होना चाहिए। उनकी ये टिप्पणियां उपराज्यपाल द्वारा प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से सक्रिय संबंध रखने के आरोपी पांच कर्मचारियों को बर्खास्त करने के आदेश के एक दिन बाद आईं। सूत्रों के अनुसार, बर्खास्त किए कर्मचारी में एक सरकारी स्कूल शिक्षक, एक प्रयोगशाला तकनीशियन, एक सहायक लाइनमैन, वन विभाग का कर्मचारी और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में कार्यरत एक ड्राइवर शामिल हैं। खबरों के मुताबिक, ड्राइवर, जो फिलहाल श्रीनगर की केंद्रीय जेल में बंद है, की पहचान हिजबुल मुजाहिदीन के एक सूचीबद्ध ओवरग्राउंड वर्कर के रूप में हुई है।

राहुल गांधी भारतीय राजनीति में अलगाववाद का सटीक उदाहरण : गुरु प्रकाश

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश ने कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला कर उन्हें भारतीय राजनीति में अलगाववाद का सटीक उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का राजनीतिक दृष्टिकोण राज्य-दर-राज्य बदलता रहता है और चुनावी लाभ के अनुसार उनकी रणनीति भी बदलती रहती है। बीजेपी नेता गुरु प्रकाश ने आरोप लगाया कि राहुल बिहार में जातिवाद, तमिलनाडु में भाषाई पहचान के नाम पर नकारात्मक राजनीति करते हैं और यह राष्ट्रीय एकता, शांति और स्थिरता के लिए खतरा पैदा करते है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस बार-बार क्षेत्रवाद, जातिवाद और भाषाई कट्टरता का सहारा लेते हैं, इससे उनकी राजनीति विभाजनकारी बन रही है। उन्होंने राहुल गांधी को चेतावनी दी कि उन्हें इस तरह की भाषा का प्रयोग करने से बचना चाहिए और किसी को तमिल मुद्दों या तमिल सभ्यता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण पत्र देने का अधिकार नहीं है। बीजेपी नेता गुरु प्रकाश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की तमिल संस्कृति, भाषा और पहचान के प्रति संवेदनशीलता और योगदान को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी तमिल पहचान और संस्कृति का सम्मान किया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि राहुल गांधी का आरोप निराधार है और भाजपा तमिल मुद्दों के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी ने तमिल सभ्यता और भाषा को भारतीय सांस्कृतिक धरोहर के अभिन्न अंग के रूप में लगातार महत्व दिया है। गुरु प्रकाश ने यह निष्कर्ष निकाला कि राहुल गांधी भारतीय राजनीति में अलगाववाद का जीता-जागता सबूत हैं और उन्हें विभाजनकारी राजनीति से दूर रहना चाहिए।

मुंबई एटीएस ने अवैध रुप से रह रही 30 साल की बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई एंटी टेररिज्म स्क्वॉड (एटीएस) ने एक बांग्लादेशी महिला को अवैध रूप से मुंबई में रह रही होने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला की पहचान 30 वर्षीय बिलकिस बेगम सिरमिया अख्तर के रूप में हुई है। कफ परेड इलाके में एटीएस और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान हिरासत में लिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, एटीएस को खुफिया जानकारी मिली थी कि एक विदेशी नागरिक बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहा है। सूचना के आधार पर कफ परेड इलाके में छापेमारी की गई, जहां एक महिला संदिग्ध हालत में मिली। एक मुखबिर की मदद से उसकी पहचान की पुष्टि की गई, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के दौरान महिला ने पहले पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर महिला ने स्वीकार किया कि वह बांग्लादेश की नागरिक है। महिला ने कबूल किया कि उस अगस्त 2025 में क्राइम ब्रांच द्वारा भारत में अवैध रूप से रहने के कारण डिपोर्ट किया था। इसके बावजूद वह दोबारा अवैध तरीके से सीमा पार कर भारत में घुस आई और कफ परेड इलाके में किराए के कमरे में रह रही थी। पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके पास से इंफिनिक्स कंपनी का एक मोबाइल फोन बरामद किया, जिसमें उसका बांग्लादेशी नेशनल आईडी नंबर और उससे जुड़ी तस्वीरें मिलीं। इन डिजिटल सबूतों को सुरक्षित कर लिया गया है।

तमिलनाडु की महिलाएं पढ़ी लिखी, उत्तर भारत की रसोई व बच्चे संभालने तक सीमित

डीएमके सांसद ने दिया विवादित बयान, बीजेपी बोली– उनमें कॉमन सेंस नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। तमिलनाडु में सत्ताधारी पार्टी डीएमके सासंद ने महिलाओं को लेकर विवादित बयान दिया है जिसे लेकर बवाल मच गया है। उन्होंने उत्तर भारत की महिलाओं की तुलना तमिलनाडु की महिलाओं से की है उनका कहना है कि उत्तर भारत में महिलाओं का काम रसोई और बच्चे संभालने तक सीमित है, लेकिन तमिलनाडु की महिलाओं को पढ़ाई और नौकरी करने की पूरी छूट है। चेन्नई सेंट्रल से चौथी बार सांसद बने डीएमके सांसद दयानिधि मारन के इस बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। कई लोगों ने दयानिधि के बयान को गलत बताया है।

मीडिया रिपोर्ट में दयानिधि मारन के मुताबिक तमिलनाडु राज्य की लड़कियां आत्मविश्वास के साथ हाथ में लैपटॉप लेकर चलती हैं। वो पोस्ट ग्रेजुएशन से लेकर इंटरव्यू तक देती नजर आती हैं। तमिलनाडु की लड़कियों में आत्मविश्वास है, क्योंकि हम उन्हें पढ़ाते हैं लेकिन उत्तर भारत में क्या हाल है? वहां महिलाएं बाहर काम करने नहीं जाती हैं। वो घर, रसोई और बच्चों को संभालती हैं। यही उनका काम होता है।

ये तमिलनाडु है एक द्रविड़ियन राज्य, कलाईनार अन्ना और एम के स्टालिन का राज्य है। यहां आम लोगों की तरक्की मतलब राज्य की तरक्की। यही वजह है कि दुनियाभर से कई कंपनियां चेन्नई आ रही हैं, क्योंकि यहां सभी पढ़े-लिखे हैं। यहां लोगों को तमिल के साथ-साथ अंग्रेजी भी आती है। महिलाओं की तरक्की में सरकार ने भी अहम भूमिका निभाई है। मारन ने यह बयान एक कार्यक्रम में दिया।

इस कार्यक्रम में सीएम स्टालिन के बेटे और राज्य के उपमुख्यमंत्री उदयानिधि स्टालिन भी मौजूद थे। उन्होंने छात्राओं को लैपटॉप बांटे। उदयानिधि ने कहा कि आज आप सभी को लैपटॉप देकर मैं बहुत खुश हूं। मैं सभी को नए साल और पोंगल की शुभकामनाएं देता हूं। हमें छात्राओं पर गर्व है। 1974 में करुणानिधि ने इस कॉलेज का नामकरण करते हुए इसे महिलाओं को समर्पित किया था।

दयानिधि मारन के बयान पर राजनीतिक बहस छिड़ गई है। बीजेपी के प्रवक्ता नारायणन तिरुपति ने कहा कि दयानिधि मारन ने एक बार फिर उत्तर भारत के लोगों को गाली दी है। मुझे लग रहा है इन्हें ऐसे बयान देने की अनुमति क्यों मिलती है? डीएमके में ये आम बात हो गई है। मुझे नहीं लगता कि दयानिधि मारन में कॉमन सेंस है।

बीजेपी नेता अनिला सिंह ने मारन के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि मारन भूल रहे हैं कि वो भारत में रहते हैं और भारत शक्ति की पूजा करता है। अगर उन्हें लगता है कि वो शक्ति को उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में बांट सकते हैं, तो वो इस देश की संस्कृति को नहीं समझ पाए हैं। सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी और हमारी राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के बारे में उनकी क्या राय है? इस देश में ये बंटवारे की राजनीति नहीं चलेगी।

डीएमके ने मारन के बयान का समर्थन करते हुए सफाई दी है। पार्टी के प्रवक्ता टीकेएस ईलनगोवन ने कहा कि महिलाओं का विकास इस बात पर निर्भर करता है कि किस राज्य में किसकी सरकार है। कांग्रेस शासित राज्यों में महिला सशक्त हैं। वह महिलाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए काम कर रही है। तमिलनाडु में भी महिलाओं को अच्छी शिक्षा देने पर फोकस किया जाता है लेकिन उत्तर भारत में महिलाओं के हक के लिए लड़ने वाला कोई नहीं है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के दिल्ली स्थित आवास पर लगी आग, कोई हताहत नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के अति-सुरक्षित लुटियंस जोन से एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के सरकारी आवास पर बुधवार सुबह अचानक आग लग गई। यह घटना 21 मदर टेरेसा क्रिसेंट रोड स्थित उनके निवास स्थान पर हुई। सुबह करीब 8:05 बजे लगी इस आग के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और तुरंत दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में कोई भी घायल नहीं हुआ है और समय रहते स्थिति पर नियंत्रण पा लिया गया। घटनाक्रम के अनुसार, दमकल विभाग को शुरुआती सूचना कोठी नंबर 2 में आग लगने की मिली थी। हालांकि, जब दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं और जांच की गई, तो पता चला कि आग कोठी नंबर 21 में लगी है, जो रविशंकर प्रसाद का आधिकारिक निवास है। आग घर के एक कमरे में रखे बेड में लगी थी, जिसकी लपटें उठते देख वहां तैनात कर्मचारियों और परिजनों ने तुरंत इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर रवाना की गईं और कुछ ही समय की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया। जांच में सामने आया है कि आग का केंद्र कमरे में रखा बेड ही था। गनीमत यह रही कि जिस समय आग लगी, उस कमरे में कोई भी व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। एड्रेस को लेकर शुरुआती असमंजस के बावजूद दमकल कर्मियों ने फुर्ती दिखाते हुए सही लोकेशन पर पहुंचकर आग बुझाई। वर्तमान में दमकल विभाग और दिल्ली पुलिस की टीमें इस बात की बारीकी से जांच कर रही हैं कि आग लगने की असली वजह क्या थी। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आग बिजली के शॉर्ट सर्किट के कारण लगी या इसके पीछे कोई अन्य तकनीकी वजह रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

भारत धर्मनिरपेक्ष देश है, किसी एक धर्म को शक के दायरे में डालना खतरनाक

–कश्मीर में मस्जिद के इमामों से निजी और वित्तीय जानकारी मांगने पर भड़का विपक्ष

जम्मू (एजेंसी)। कश्मीर घाटी में मस्जिदों, मदरसों से जुड़े लोगों का पुलिस द्वारा सर्वे किए जाने को लेकर जम्मू-कश्मीर की राजनीति में बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पीडीपी, नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीपुल्स कॉन्फ्रेंस ने मस्जिदों और मुस्लिम धार्मिक संस्थानों की इस तरह की प्रोफाइलिंग की कड़ी निंदा की है।

पुलिस ने घाटी में मस्जिदों और मदरसों का संचालन करने वाले लोगों और इमामों को एक चार पन्नों का प्रोफॉर्मा दिया है। इस प्रोफॉर्मा में उनसे निजी जानकारी मांगी गई है जिसमें फोन नंबर, आर्थिक विवरण, परिवार से जुड़ी जानकारी, पासपोर्ट और यात्रा से संबंधित विवरण शामिल हैं।

मीडिया रिपोर्टे के मुताबिक पीडीपी नेता इल्तिजा मुफ्ती ने इसे कश्मीरी मुसलमानों को सजा देने और अपमानित करने की कार्रवाई बताया है। वहीं, पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के नेता सज्जाद लोन ने कहा है कि इस तरह की कार्रवाई से मुसलमानों को दीवार से लगाया जा रहा है। ये मामला अब घाटी में धार्मिक आजादी, भरोसे और सुरक्षा नीति को लेकर एक बड़े राजनीतिक बहस का रूप ले चुका है। संवेदनशील जानकारियां मांगने को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि आखिर ऐसा सर्वे किस कानून के तहत किया जा रहा है।

सज्जाद लोन ने कहा कि मस्जिदों और इमामों की प्रोफाइलिंग कम से कम कहें तो बेहद चौंकाने वाली है। ये दंडात्मक अति का एक और उदाहरण है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और किसी एक धर्म को सामूहिक रूप से शक के दायरे में डालना खतरनाक है। सुरक्षा से जुड़े मुद्दे हो सकते हैं, लेकिन भारत की मूल अवधारणा से बड़ा कोई सुरक्षा खतरा नहीं हो सकता। मुसलमानों को दीवार से लगाना, उन्हें संदिग्ध बनाना अपने आप में एक सुरक्षा जोखिम है।

उन्होंने कहा कि संयोग से जम्मू-कश्मीर पुलिस में हिंदू और मुसलमान दोनों काम करते हैं। फिर भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जिन लोगों ने सबसे ज्यादा कुर्बानी दी और देश के लिए अपनी जान दी, उनमें से 95 फीसदी मुसलमान ही थे। क्या कोई उनकी कब्रों पर जाकर उनके कानों में फुसफुसाएगा कि जिन मस्जिदों में वे नमाज पढ़ने जाते थे, आज उन्हीं मस्जिदों की प्रोफाइलिंग की जा रही है?

कलकत्तान हाईकोर्ट ने मानी ईडी की बात, ममता की याचिका पर अब नहीं होगी सुनवाई

आज मामले की सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई



कोलकाता (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में आईपैक दफ्तर में ईडी छापेमारी पर कलकत्ताज हाईकोर्ट में सुनवाई चल रही है। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस और प्रवर्तन निदेशालय ने अलग-अलग याचिकाएं दाखिल कीं है। सीएम ममता का दावा है कि ईडी के अफसरों ने आईपैक दफ्तर से सामान चोरी किया है। जबकि ईडी का कहना है कि सामान हम लोगों ने नहीं, ममता बनर्जी अपने साथ लेकर गई हैं। ईडी ने कहा, सुनवाई तब तक टाल दी जाए, जब तक सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई नहीं होती। यह देखकर जस्टिस शुभ्रा घोष ने कहा, सुप्रीम कोर्ट में ईडी की प्रार्थनाएं लगभग समान हैं।

बात दें कि कोलकाता में हुए आईपैक कंपनी से जुड़े सर्च ऑपरेशन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को अहम सुनवाई होनी है। ईडी की ओर से याचिका दायर की गई है। इस पर जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की बेंच सुनवाई करेगी। ईडी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग कर आरोप लगाया है कि जब उनकी कार्रवाई चल रही थी, तब सीएम ममता बनर्जी ने हस्तलक्षेप कर जरूरी डॉक्यूमेंट लेकर चली गईं। ईडी ने अपनी याचिका में आरोप है कि उन्होंने आई-पैक छापे के दौरान जांच में बाधा डाली, सबूतों से छेड़छाड़ की और सामग्री को नष्ट किया। इसके साथ ही बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार और कोलकाता के पुलिस आयुक्त मनोज कुमार के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज करने की मांग भी है। इसके पहले ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर की थी।

इसके पहले घंटे भर लंबी सुनवाई के बाद कलकत्तो हाईकोर्ट ने तृणमूल कांग्रेस की ओर से दायर याचिका को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने एसएसजी की ओर से दी गई दलील को रिकॉर्ड में लेकर मामले का निस्तारण किया। न्यायमूर्ति शुभ्रा घोष ने हाईकोर्ट में ईडी की ओर से दायर मामले पर भी रोक लगा दी।

सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि मेरे बयान के आधार पर उनका मामला वापस ले लिया जाए। तब टीएमसी की वकील गुरुस्वामी ने कहा कि कृपया यह दर्ज करें कि उन्होंने कहा कि कुछ भी जब्त नहीं किया गया था और इस निपटा दिया जाए। टीएमसी की वकील मेनका गुरुस्वामी कोर्ट में दलील देकर कहा कि जब किसी राजनीतिक दल को अपने निजी डेटा के जब्त होने का डर हो, तब दल को डराना-धमकाना शोभनीय नहीं है। टीएमसी को आंशका हैं कि चुनाव से पहले हमारे राजनीतिक रणनीतिक कार्यालय को निशाना बनाया जा रहा है। यह हमारी निजाता का सवाल है। हमारे डेटा का संरक्षण होना चाहिए। इस पर ईडी की ओर से कहा गया कि वे कागजात संवेदनशील हैं और उस पर अवैध रूप से ममता का कब्जाी है। सुनवाई के दौरान ईडी ने दो तर्क दिया कि क्याअ ईडी को डॉक्यीमेंट जब्तओ करने का अधिकार है या नहीं। दूसरा, क्यान संवेदनशील डॉक्यूजमेंट कोई और लेकर भाग सकता है। ईडी ने कहा, दोनों ही सवाल सुप्रीम कोर्ट के सामने हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि टीएमसी ने केवल कथित राजनीतिक डेटा के संरक्षण की मांग की है। सुनवाई के दौरान एएसजी एसवी राजू ने कहा कि मैं केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहा हूं। मैं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) हूं। मेरी बहस अभी समाप्त नहीं हुई है, खेदजनक स्थिति है। हर सेकंड मेरा माइक म्यूट किया जा रहा है। ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने कहा कि माइक में कोई गड़बड़ी कर रहा है। हाई कोर्ट ने कहा कि एडिशनल सॉलिसिटर जनरल न्यायालय में वकील सुनवाई की वैधता पर सवाल उठा रहे हैं, मुझे उनकी बात सुनने दीजिए।

ईडी ने सुनवाई में कहा कि आईपैक दफ्तर पर हुई रेड का तृणमूल कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है। जिस व्यक्ति के परिसर में रेड की गई है, वह शख्स अदालत नहीं आया। हाई कोर्ट ने ईडी से कहा कि पूरी याचिका मत पढ़िए। ईडी ने कहा कि उन्हें जानकारी कैसे मिलती है, फुसफुसाहट भी नहीं होती।

बारिश का अलर्ट: उत्तर भारत में मौसम की दोहरी मार, कोहरे और शीत लहर का कहर

नई दिल्ली(एजेंसी)। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों के लिए आने वाले दिन और भी चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं। उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा समेत कई राज्यों पर अब मौसम की दोहरी मार पड़ने की आशंका है। भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी ताजा पूर्वानुमान के मुताबिक, इन क्षेत्रों में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के बीच अब बारिश की भी संभावना जताई गई है। राजधानी दिल्ली में भी तापमान का गिरना जारी है और मंगलवार का दिन इस जनवरी का सबसे ठंडा दिन दर्ज किया गया। दिल्लीवासियों को फिलहाल कोहरे की मोटी चादर से राहत मिलती नजर नहीं आ रही है।

मौसम विभाग के अनुसार, 16 से 19 जनवरी के बीच पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण जम्मू-कश्मीर, गिलगिट-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में छिटपुट बारिश और बर्फबारी हो सकती है। इस मौसमी बदलाव का असर मैदानी इलाकों में भी दिखेगा, जहां 18 और 19 जनवरी को पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने के आसार हैं। बारिश के चलते गलन और बढ़ने की उम्मीद है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो सकता है। कोहरे की स्थिति को लेकर विभाग ने चेतावनी दी है कि 20 जनवरी तक हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा। विशेष रूप से 15 जनवरी तक बेहद घना कोहरा होने की संभावना है, जिससे विजिबिलिटी कम हो सकती है और सड़क व रेल यातायात पर असर पड़ सकता है। इसी तरह पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में भी अगले कुछ दिनों तक सुबह के समय घने कोहरे का पूर्वानुमान है। असम और मेघालय में भी 16 जनवरी तक दृश्यता कम रहने की उम्मीद है।

ठंड का प्रकोप केवल कोहरे और बारिश तक सीमित नहीं है। मौसम विभाग ने पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान में 15 जनवरी तक तीव्र शीत लहर चलने की संभावना जताई है। उत्तराखंड में भी 14 जनवरी को कोल्ड डे के हालात बने रहेंगे। इसके अलावा झारखंड और ओडिशा में भी 16 जनवरी तक ठंडी हवाएं चलने का अनुमान है। प्रशासन ने लोगों को ठंड से बचाव के पुख्ता इंतजाम करने और कोहरे के दौरान वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

कोहरे का असर दिल्ली आने वाली 20 से अधिक ट्रेनों पर दिखा, हुईं घंटों लेट; यात्रियों की बढ़ी परेशानी

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर भारत में घने कोहरे का असर रेल यातायात पर लगातार बना हुआ है। हालांकि लंबी दूरी की देरी से चलने वाली ट्रेनों की संख्या में कुछ कमी आई है, लेकिन बुधवार को भी दिल्ली आने वाली 20 से अधिक ट्रेनें घंटों विलंब से पहुंचीं। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से ट्रेनों की रफ्तार प्रभावित हुई, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

कोहरे के कारण ट्रेनों की लेट-लतीफी मामले में सबसे अधिक दरभंगा-आनंद विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस में दर्ज की गई। दरअसल यह ट्रेन मंगलवार दोपहर 12:45 बजे पहुंचने वाली थी, लेकिन करीब 20 घंटे 35 मिनट की देरी से बुधवार सुबह 9:15 बजे आनंद विहार टर्मिनल पहुंची। इस देरी का असर आगे की ट्रेनों पर भी पड़ा। इसी कारण मंगलवार अपराह्न 3:10 बजे रवाना होने वाली दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस अब बुधवार सुबह 10 बजे प्रस्थान करेगी। रेलवे प्रशासन ने इसके चलते कई अन्य ट्रेनों के प्रस्थान समय में भी बदलाव किया है।

कोहरे का असर केवल लंबी दूरी की ट्रेनों तक सीमित नहीं रहा। लोकल और उपनगरीय ट्रेनें भी देरी से चलती रहीं। सहारनपुर-पुरानी दिल्ली एमईएमयू लगभग दो घंटे देरी से चली, जबकि बुलंदशहर-तिलक ब्रिज एमईएमयू डेढ़ घंटे विलंबित रही। पानीपत-गाजियाबाद ईएमयू, पानीपत-पुरानी दिल्ली ईएमयू, पानीपत-नई दिल्ली महिला विशेष ईएमयू, हाथरस किला-पुरानी दिल्ली एमईएमयू और जाखल-पुरानी दिल्ली पैसेंजर करीब एक घंटे देरी से रवाना हुईं। वहीं कुरुक्षेत्र-पुरानी दिल्ली ईएमयू लगभग 45 मिनट और शामली-पुरानी दिल्ली तथा मथुरा-गाजियाबाद ईएमयू करीब आधे घंटे की देरी से चलीं।

दिल्ली से देरी से रवाना होने वाली प्रमुख ट्रेनें इस प्रकार रहीं

आनंद विहार टर्मिनल से दरभंगा जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस करीब 18 घंटे 50 मिनट देरी से चली। नई दिल्ली-लोहिया खास सरबत दा भला एक्सप्रेस सवा तीन घंटे, नई दिल्ली-दरभंगा हमसफर विशेष पौने दो घंटे, नई दिल्ली-राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस एक घंटे और पुरानी दिल्ली-जैसलमेर रुणिचा एक्सप्रेस डेढ़ घंटे देरी से रवाना हुई। इसके अलावा हजरत निजामुद्दीन-दुर्ग हमसफर एक्सप्रेस भी लगभग एक घंटे विलंब से चली।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार कोहरे के कारण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की गति कम रखी जा रही है। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे यात्रा से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी अवश्य लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

पाकिस्तान की नापाक हरकतों पर भारत की कड़ी नजर, कश्मीर से राजस्थान तक दिखे ड्रोन

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑपरेशन सिंदूर में करारी शिकस्त झेलने के बावजूद पाकिस्तान अपनी भारत विरोधी गतिविधियों से बाज आता नहीं दिख रहा है। नए साल 2026 की शुरुआत के साथ ही पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर से लेकर राजस्थान और गुजरात की सीमाओं तक अपनी उत्तेजक कार्रवाइयां तेज कर दी हैं। सीमा पार से जारी इन चुनौतियों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्तमान स्थितियां जनरल आसिम मुनीर के नेतृत्व वाली पाकिस्तानी सेना की उस रणनीति को उजागर करती हैं, जिसमें वे आतंकवाद और ड्रोन के माध्यम से भारत को अस्थिर करने का प्रयास कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर और राजस्थान के सीमावर्ती इलाकों में हाल के दिनों में पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधियों में भारी इजाफा देखा गया है। सांबा, राजौरी और पुंछ जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में भारतीय सेना ने मुस्तैदी दिखाते हुए कई घुसपैठिए ड्रोन को मार गिराया है। केवल कश्मीर ही नहीं, बल्कि राजस्थान के जैसलमेर स्थित रामगढ़ गैस थर्मल पावर प्लांट जैसे प्रतिबंधित क्षेत्र में भी ड्रोन मंडराते देखे गए हैं, जिसने सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया है। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने खुलासा किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास छह और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार दो आतंकी कैंप अब भी सक्रिय हैं।

सीमा के दूसरी ओर, पाकिस्तान ने गुजरात के कच्छ से सटे विवादित सरक्रीक क्षेत्र में अपनी सैन्य उपस्थिति को अभूतपूर्व स्तर तक बढ़ा दिया है। खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तान ने इस दलदली क्षेत्र को पूरी तरह से सैन्य छावनी में तब्दील कर दिया है। सिंध रेजिमेंट की क्रीक बटालियनों की संख्या दो से बढ़ाकर छह कर दी गई है और अर्धसैनिक बलों के स्थान पर पाकिस्तानी सेना की नियमित बटालियनों को तैनात किया गया है। सुजावल, घारो और बदिन के साथ-साथ अब जाती और केती बंदर में भी नई टुकड़ियों की तैनाती की गई है। नौसैनिक मोर्चे पर भी पाकिस्तान ने बंधा धोरा और हरामी धोरो के बीच छह नई मरीन सुरक्षा चौकियां स्थापित की हैं। चीन की तकनीकी मदद से इस क्षेत्र में आधुनिक रडार सिस्टम और अवाक्स तैनात किए गए हैं, जबकि भोलारी फॉरवर्ड एयरबेस पर जेएफ-17 और जे-10सी लड़ाकू विमानों की तैनाती की गई है।

पाकिस्तान की इन बढ़ती गतिविधियों के जवाब में भारत ने भी अपनी सुरक्षा अभेद्य कर ली है। हाल ही में भारतीय तीनों सेनाओं ने सरक्रीक से लेकर जैसलमेर तक एक व्यापक ट्राई सर्विस युद्ध अभ्यास किया, जिसमें एआई ट्रैकिंग और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध प्रणालियों का परीक्षण किया गया। गुजरात तट पर कोस्ट गार्ड की रडार क्षमता बढ़ाई गई है और भुज सैन्य बेस पर आधुनिक एल-70 एयर डिफेंस गन तैनात की गई हैं। विवाद की जड़ सरक्रीक का 96 किलोमीटर लंबा दलदली मुहाना है। पाकिस्तान 1914 के एक पुराने मानचित्र के आधार पर पूरे क्रीक पर अपना दावा ठोकता है, जबकि भारत अंतरराष्ट्रीय थलवेग सिद्धांत के तहत जलमार्ग के बिल्कुल मध्य से सीमा रेखा तय करने की बात करता है।

शूटर जुबैर, यासिर और फहद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षक राव दानिश हत्याकांड में शामिल हिस्ट्रीशीटर शूटर भाइयों जुबैर, यासिर व फहद के खिलाफ पुलिस ने गैर जमानती वारंट भी ले लिए हैं। इसके पीछे मकसद दिल्ली के जामिया व बाटला इलाके में उन्हें पकड़ने के लिए दिल्ली पुलिस की मदद लेना है। वहीं तीनों पर इनामी राशि 50 हजार से बढ़ाकर एक-एक लाख रुपये करने के लिए भी रिपोर्ट एडीजी को भेजी जा रही है। अमीर निशा सिविल लाइंस के राव दानिश अली की 24 दिसंबर की देर शाम एएमयू लाइब्रेरी कैंटीन परिसर में ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर हत्या की गई थी। इस हत्या के खुलासे में दिल्ली के ओखला इलाके में रह रहे मूल रूप से बरला नौशा के हिस्ट्रीशीटर शूटर भाइयों यासिर, फहद व जुबैर की भूमिका सामने आई। जांच में उजागर हुआ कि वर्ष 2018 में शाहजेब नाम के युवक की हत्या के बाद जुबैर को दानिश पर मुखबिरी का शक था। सात वर्ष जेल रहने के बाद पिछले वर्ष जुलाई में ही जुबैर जेल से बाहर आया है। इसी खुन्नस में उसने साजिश रचकर अपने भाइयों यासिर व फहद से ये हत्या कराई। पुलिस ने उन दोनों के मददगार दानिश के पड़ोसी मित्र सलमान कुर्ते वाला को जेल भेजा है। इसके बाद पुलिस तीनों भाइयों की धरपकड़ के प्रयास में लगी है। इसी क्रम में सर्विलांस के जरिये उनकी लोकेशन दिल्ली के जामिया व बटला इलाके में आ रही है। तीनों पर पिछले दिनों एसएसपी व डीआईजी स्तर से 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। इसके बाद अब एसएसपी द्वारा तीनों पर इनाम एक-एक लाख रुपये करने के लिए एडीजी जोन को रिपोर्ट भेजी जा रही है एसएसपी नीरज जादौन बताते हैं कि हमारी टीमें लगातार प्रयासरत हैं। दिल्ली में टीमें का डेरा है। हमने अदालत से वारंट ले लिए हैं। वहीं इनाम बढ़ाने के लिए रिपोर्ट दी जा रही है।

संगठित अपराध से जुड़े बदमाशों के खिलाफ अभियान

नई दिल्ली। पुलिस ने संगठित अपराध करने वाले बदमाशों पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया। 48 घंटे तक चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने 72 अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से पिस्टल, चाकू, गांजा, शराब और अन्य सामान बरामद किए हैं। जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि पुलिस ने नशीले पदार्थों से संबंधित अवैध गतिविधियों, अवैध हथियारों और जुए के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने 48 घंटे तक अभियान चलाकर कई जगहों पर छापेमारी की। पुलिस ने मादक द्रव्यों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर 628 ग्राम स्मैक की बरामदगी की। तस्करी करने वाले 8 तस्करों को गिरफ्तार किया।

जूता कंपनी में खाता खोलने के लिए लिया आधार और पैन कार्ड, 15 हजार की सैलरी... कर ली 48 करोड़ की हेराफेरी

नई दिल्ली। दिल्ली में 15 हजार रुपये की डाटा एंट्री की नौकरी करने वाले युवक के नाम पर फर्जी कंपनी बनाकर 48 करोड़ रुपये की हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। उत्तरी दिल्ली के इंद्रलोक में जूता कंपनी में खाता खोलने के लिए पीड़ित ने आधार और पैन कार्ड दिया था। उसके आधार पर करंट अकाउंट खोलकर धोखाधड़ी की गई है। बिहार के सिवान का रहने वाला युवक नौकरी की तलाश में अप्रैल 2019 में दिल्ली आया। एक दोस्त के जरिए उसे इंद्रलोक की एक जूता कंपनी में डाटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी भी मिल गई। कुछ माह नौकरी करने के बाद वह वापस बिहार लौट गया। बिहार में पीड़ित युवक ने अपना काम शुरू कर दिया। इस बीच 31 जनवरी 2023 को कर्नाटक इनकम टैक्स ऑफिस से पीड़ित करन कुमार राम (40) को एक नोटिस मिला। करन को बताया गया कि उनके नाम से एक कंपनी बनी हुई है और उसका जीएसटी नंबर भी लिया हुआ है।

कंपनी के खाते से 2020-21 में 48 करोड़ की लेनदेन कर हेराफेरी की गई है। इसके अलावा 2019-2020 में 35 लाख से अधिक की लेनदेन हुई है। नोटिस देखते ही करन के होश उड़ गए। पीड़ित ने नोटिस के खिलाफ सिवान की जिला अदालत में एप्लीकेशन दी और खुद को निर्दोष बताया। इसके बाद दिसंबर 2023 में गुरुग्राम और कुछ ही दिनों बाद सिवान इनकम टैक्स दफ्तर से भी इसी तरह का नोटिस आया। इनकम टैक्स विभाग से मिले नोटिस में पीड़ित से कहा गया कि उसने अपने खाते में इतनी बड़ी रकम कैसे खर्च की। पीड़ित ने बताया कि उसने इतनी बड़ी रकम कभी देखी भी नहीं, वह बस किसी तरह गुजारा करने वाला व्यक्ति है। पीड़ित ने मामले की शिकायत 24 दिसंबर 2025 को दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा से की। जांच के बाद ईओडब्ल्यू ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी अपनी शिकायत में पीड़ित करन कुमार राम ने बताया कि दिल्ली आने के बाद दोस्त अरविंद तिवारी ने उसकी मुलाकात जानकार सौरभ द्विवेदी से करवाई। सौरभ ने इंद्रलोक की जूता कंपनी में डाटा एंट्री ऑपरेटर की नौकरी पर पीड़ित को रखने का आश्वासन दिया। इसके बाद उसे 15 हजार रुपये सैलरी पर रख लिया गया। सैलरी कैश देने के बावजूद सौरभ ने पीड़ित से सैलरी अकाउंट खोलने के नाम पर पैन कार्ड और आधार की मांग की। आरोपी ने कुछ तकलीफ बताकर पीड़ित के आधार कार्ड का पता भी बदलवा दिया। नवंबर 2019 में करन दिवाली पर घर चला गया। इसके बाद सौरभ द्विवेदी ने करन से दिल्ली वापस न आने के लिए कहा। करन ने भी बिहार में अपना काम शुरू कर दिया। अब उसे ठगी का पता चला है।

दो होटलों में पकड़ा देह व्यापार, सात युवतियों समेत 15 लोग दबोचे

अलीगढ़। पुलिस ने अलीगढ़ शहर के दो होटलों में चल रहे अनैतिक देह व्यापार का पकड़ा है। दोनों होटलों से 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। होटल में आपत्तिजनक सामग्री भारी मात्रा में मिली है। अलीगढ़ की थाना बन्नादेवी टीम ने चौहान कॉम्पलैक्स स्थित स्काईबे होटल व मैराकी होटल में छापा मारा। वहां से सात युवती और आठ युवक आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए। दोनों होटलों के कमरों से भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है। पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार अधिनियम अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

EWS के लिए मुफ्त इलाज की आय सीमा बढ़ी, अब पांच लाख तक वालों को मिलेगी राहत

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त करने हेतु वार्षिक आय सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने के दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इस फैसले से उन लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी जो पहले इस श्रेणी में नहीं आते थे, लेकिन अब नई आय सीमा के दायरे में आ जाएंगे। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोरा की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यह सुविधा दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों और रियायती दरों पर आवंटित भूमि पर बने निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगी। यह आदेश आठ जनवरी को पारित किया गया, जब दिल्ली सरकार ने सूचित किया कि सक्षम प्राधिकारी ने ईडब्लूएस के लिए आय मानदंड को मौजूदा 2.20 लाख रुपये वार्षिक से बढ़ाकर पांच लाख रुपये वार्षिक करने को मंजूरी दे दी है। अदालत ने कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने के इच्छुक सभी व्यक्ति अब आवश्यक पूर्व-शर्तों को पूरा करने पर पांच लाख रुपये के ईडब्ल्यू मानदंड के तहत लाभ लेने के हकदार होंगे। यह वृद्धि दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों और रियायती दरों पर आवंटित भूमि पर बने सभी चिन्हित निजी अस्पतालों पर लागू होगी, जहां ईडब्ल्यूएस मानदंड लागू होते हैं। यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को बेहतर बनाने और जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार ने अधिकारियों को इस वृद्धि के बारे में पर्याप्त प्रचार करने का निर्देश दिया है ताकि नागरिक इसका लाभ उठा सकें। दो जनवरी को स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय द्वारा पारित एक आदेश के माध्यम से श्ब्ङ्ग्स आय मानदंड को 2.20 लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये किया गया था, जो अदालत के पूर्व निर्देशों के अनुपालन में था। यह मामला 2017 में शुरू हुआ एक स्वतः संज्ञान मामला था, जो दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में गंभीर देखभाल की कमी के आरोपों से संबंधित था।

दिल्लीवासियों को प्रदूषण से राहत नहीं, बेहद खराब श्रेणी में बरकरार हवा, 350 पार पहुंचा

नई दिल्ली। राजधानी में हवा की दिशा बदलने और गति सुस्त पड़ने के चलते फिजा शुक्रवार को एक बार फिर से खराब से बेहद खराब की श्रेणी में पहुंच गई। जो अभी भी उसकी श्रेणी में बरकरार है। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 350 पार जा पहुंचा है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, शनिवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 358 दर्ज किया गया है, जो %बेहद खराब% श्रेणी में आता है। राजधानी के विभिन्न इलाकों में एक्यूआई की स्थिति पर नजर डालें तो केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अलीपुर में 309, आनंद विहार में 425, अशोक विहार में 369, आया नगर में 338, बवाना में 354, बुराड़ी में 316, और चांदनी चौक इलाके में 408 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, डीटीयू इलाके में 339, द्वारका सेक्टर-8 में 401, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 323, आईटीओ में 365, जहांगीरपुरी में 386, लोधी रोड में 336, मुंडका में 376, नजफगढ़ में 333, नरेला में 343, पंजाबी बाग में 373, आरकेपुरम में 392, रोहिणी में 380, सोनिया विहार में 349, विवेक विहार में 414, और वजीरपुर में 383 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

PUBLIC NOTICE

It is for general information that I, PRIYANKA KHANDELWAL alias PRIYANKA ASHIT KHANDELWAL alias PRIYANKA JINDAL D/O SURINDER KUMAR JINDAL and ex-wife of ASHIT KAILASH KHANDELWAL R/O 1-A, Third Floor, Gautam Nagar, New Delhi, Gautam Nagar, PO: Andrewsganj, Dist: South Delhi, Delhi-110049, declare that I got divorce from my husband vide court decree No. P.A.No.1099/2024, Judgement, dated 26-03-2025. Further, I have changed my name and shall hereafter be known as PRIYANKA JINDAL.

NAME CHANGE

I, BABU is a real father of No. 2807270L Rank SEP Name CHAVAN DNYANDEV BABU presently residing at VILL.BADYACHIWADI, POST.BADYACHIWADI, TEH.GADHINGLAJ, DIST-KOLHAPUR, STATE-MAHARASHTRA, PIN NO-416502, have changed my name from BABU to BABU APPA CHAVAN and date of birth from 17/04/1960 to 26/01/1960 for all future purposes. Vide affidavit dated 13.01.2026 before Public Notary Delhi.

NAME CHANGE

I, RAM AVTAR S/O BABU RAM SAINI, R/O HOUSE NO-RZ-241-A(H-88), RAJ NAGAR PART-2, PALAM COLONY, PALAM VILLAGE, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110045, have changed my name from RAM AVTAR S/O BABU RAM SAINI, to RAM AVATAR SAINI S/O BABU RAM SAINI for all future purposes.

NAME CHANGE

I, SHIVAJI PRATAP SINGH S/O RANVEER SINGH R/O Flat No-1786, Aster Tower, Gh-05 C, Gaur Saundaryam, TECHZONE-4, Greater Noida, West Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh-201308, have changed the name of my minor son AKSHAJ PRATAP SINGH aged 13 Years and he shall hereafter be known as ANIRUDH SINGH.

NAME CHANGE

I, NIRMALA PANCHAL W/O BRAHAMA NAND PANCHAL R/o H NO 1433, GOYAT PANA, WARD NO 14, MAHAM, ROHTAK HARYANA-124112 I HAVE CHANGED MY NAME TO NIRMLA PANCHAL FOR ALL FUTURE PURPOSES

NAME CHANGE

कोलंबो, एजेंसी। चक्रवात से बुरी तरह प्रभावित श्रीलंका में राहत और पुनर्निर्माण की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। भारत की 50 लाख डॉलर की वित्तीय सहायता से उत्तरी श्रीलंका में क्षतिग्रस्त रेलवे ट्रैक की मरम्मत का काम शुरू हो गया है। यह परियोजना न केवल परिवहन बहाली की दिशा में अहम मानी जा रही है, बल्कि दोनों देशों के बीच सहयोग और भरोसे को भी मजबूती देती है।

महावा जंक्शन से ओमानथाई तक फैली उत्तरी रेलवे लाइन चक्रवात के कारण बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी। भारत ने इस पूरे हिस्से के पूर्ण पुनर्निर्माण में हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। इस काम की शुरुआत भारत द्वारा घोषित 45 करोड़ डॉलर के व्यापक पुनर्निर्माण पैकेज के तहत की गई है, जिसका मकसद श्रीलंका में संपर्क, यातायात और जनजीवन को सामान्य करना है। परिवहन मंत्रालय के अनुसार, मरम्मत कार्य की औपचारिक शुरुआत के मौके पर संतोष झा, कोलंबो स्थित भारतीय उच्चायुक्त, और श्रीलंका के परिवहन मंत्री बिमल रत्नायका मौजूद रहे। मंत्रालय ने बताया कि भारत की ओर से दिए गए 50 लाख डॉलर के अनुदान से उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र के महावा जंक्शन पर पुनर्निर्माण कार्य शुरू हुआ है। भारत की मदद क्यों अहम मानी जा रही है? रेलवे मरम्मत से उत्तरी श्रीलंका में आवागमन तेज होगा। व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सहारा मिलेगा। आपदा के बाद रोजगार और निर्माण गतिविधियां बढ़ेंगी। भारत-श्रीलंका संबंधों को रणनीतिक मजबूती मिलेगी। यह परियोजना दिखाती है कि भारत क्षेत्रीय संकट के समय पड़ोसी देशों के साथ खड़ा रहता है।

जिमी लाई: पत्रकार से डरा चीन, लगा दिया देशद्रोह का आरोप, सजा तय करने के लिए कोर्ट में बहस

हांगकांग, एजेंसी। हांगकांग की कोर्ट में पत्रकार जिमी लाई और उनके सह-आरोपियों पर सजा तय करने के लिए बहस हुई। वह कभी मीडिया टाइकून और लोकतंत्र का समर्थन करने के लिए जाने जाते थे। राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दोषी पाए जाने पर उन्हें उम्रकैद हो सकती है। 78 साल के लाई एप्पल डेली अखबार के संस्थापक थे। यह कंपनी अब बंद हो चुकी है। वह चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के मुखर आलोचक हैं। उन्हें 2020 में बीजिंग द्वारा लागू किए गए कानून के तहत गिरफ्तार किया गया था। उन्हें बाहरी लोगों के साथ देश के खिलाफ साजिश रचने और लेख प्रकाशित करने का दोषी पाया गया है।

अमेरिका और ब्रिटेन ने गिरफ्तारी की आलोचना की : उनका मामला बीजिंग के राजनयिक संबंधों पर भी काफी असर डाल सकता है। इसका कारण यह है कि अमेरिका और ब्रिटेन सहित विदेशी सरकारों ने उनकी गिरफ्तारी की आलोचना की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि लाई को दोषी ठहराए जाने पर उन्हें बुरा लगा। लाई को कोर्ट लाए जाने से पहले दर्जनों लोग पब्लिक गैलरी में जगह पाने के लिए कोर्ट के बाहर कतार में लग गए थे।

जजों ने लाई को मास्टरमाइंड बताया : लाई को विदेशी ताकतों के साथ मिलकर साजिश रचने के दो मामलों में और देशद्रोह किताबें बांटने की साजिश के एक मामले में दोषी ठहराया गया। लाई ने सभी आरोपों में खुद को निर्दोष बताया। सुरक्षा कानून के तहत मिलीभगत के आरोप में दोषी पाए जाने पर तीन साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है, जो अपराध की प्रकृति और उसमें उसकी भूमिका पर निर्भर करता है। सरकार द्वारा चुने गए तीन जजों ने दिसंबर में अपने फैसले में लिखा कि लाई ने ही इन साजिशों का नेतृत्व किया था। लाई के वकीलों ने ट्रायल के दौरान माना कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू होने से पहले उन्होंने विदेशी प्रतिबंधों की मांग की थी, लेकिन उन्होंने कानून का पालन करने के लिए इन मांगों को छोड़ दिया था। उन्होंने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के आधार पर भी तर्क दिया।

लाई को छोड़कर बाकि सबने जुर्म कबूल किया : एप्पल डेली के छह पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक और लाई के मामले में शामिल दो कार्याकर्ताओं ने अपना जुर्म कबूल कर लिया था। उन्होंने यह माना था कि लाई और दूसरों के साथ मिलकर विदेशी ताकतों से प्रतिबंध लगाने, नाकेबंदी करने या दूसरी दुश्मन वाली गतिविधियों में शामिल होने का अनुरोध करने की साजिश रची थी। जुर्म कबूल करने से आमतौर पर सजा कम हो सकती है। सुरक्षा कानून के तहत, दूसरों द्वारा किए गए अपराध की शिकायत करने वालों को कम सजा दी जा सकती है। लाई पांच वर्षों से हिरासत में हैं और वह काफी पतले हो गए हैं। अगस्त में, उनके वकीलों ने कोर्ट को बताया कि उन्हें दिल की धड़कन की समस्या है। हांगकांग सरकार ने कहा कि शिकायक के बाद लाई के स्वास्थ्य की जांच की गई।

कनाडा में 180 करोड़ की गोल्ड चोरी में एक गिरफ्तार

टोरंटो, एजेंसी। कनाडा में सबसे बड़ी गोल्ड चोरी के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पील रीजनल पुलिस ने बताया कि 2023 में टोरंटो एयरपोर्ट से 180 करोड़ रुपए से ज्यादा कीमत का सोना चोरी हुआ था। इस मामले में एक अन्य आरोपी के भारत में होने का भी दावा किया गया है। पुलिस के मुताबिक, 'प्रोजेक्ट 24क्य' नाम से चल रही जांच के तहत 43 वर्षीय अरसलान चौधरी को टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया। वह दुबई से कनाडा लौट रहा था। पुलिस का कहना है कि चौधरी का कोई स्थायी पता नहीं है। पील रीजनल पुलिस के मुताबिक, अरसलान चौधरी पर 5 हजार डॉलर से अधिक की चोरी, अपराध से हासिल संपत्ति रखने और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। जांच एजेंसियों का कहना है कि यह गिरफ्तारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रही जांच का अहम हिस्सा है। कैसे हुई कनाडा की सबसे बड़ी गोल्ड चोरी 17 अप्रैल 2023 को कनाडा में दोपहर 3 बजकर 56 मिनट पर स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख शहर से आ रही एक फ्लाइट कनाडा के टोरंटो शहर के पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लैंड हुई। इस फ्लाइट से शुद्ध सोने की 6,600 ईंटें और लगभग 2.5 मिलियन डॉलर (21 करोड़ रुपए से ज्यादा) की फॉरेन करेंसी लाई गई। सोने का कुल वजन करीब 400 किलो था, जिसकी कीमत 173 करोड़ रुपए थी।

कैश को वेंकुवर के 'बुलियन एंड करेंसी एक्सचेंज' और सोने को टोरंटो के ब्रष्ठ बैंक में जमा किया जाना था। सोने और कैश को एयरपोर्ट के कार्गो कंपाउंड में रखा गया। कनाडा पुलिस के मुताबिक, वारदात के दिन 5 बजकर 50 मिनट तक सोने वाला कंटेनर कार्गो फैसिलिटी में ही था। शाम 6 बजकर 23 मिनट पर एक 5 टन का बड़ा ट्रक फैसिलिटी के बाहर पार्क किया गया। इस ट्रक से एक फर्जी एयरवे बिल के साथ एक शख्स वेयरहाउस में दाखिल हुआ। सीसीटीवी में कैद हुए इस शख्स के हाथ में ये बिल देखा जा सकता है। ये बिल असल में सीफूड यानी समुद्री मछलियों की डिलीवरी के लिए था। जिन्हें एक दिन पहले ही कार्गो वेयरहाउस से ले जाया जा चुका था। कनाडा पुलिस के मुताबिक, असल में एयरपोर्ट के अंदर के एक आदमी ने प्रिंटर से पुराना बिल निकालकर इसे दूसरे बिल से बदल दिया था। सीसीटीवी फुटेज के मुताबिक, शाम 7 बजकर 4 मिनट पर ट्रक का ड्राइवर वेयरहाउस में उस सोने वाले कार्गो के पास पहुंचा। 7 बजकर 27 मिनट पर कार्गो को उठाकर ट्रक में लोड किया गया और अगले 3 मिनट में ट्रक वेयरहाउस से चला गया। करीब साढ़े 9 बजे जब एक सिक्योरिटी कंपनी का असली ट्रक सोने वाला कार्गो लेने एयरपोर्ट पहुंचा, तो पता चला कि सोना तो पहले ही गायब हो चुका है। सुबह 2 बजकर 23 मिनट पर एयर कनाडा ने कनाडा पुलिस को फोन करके वारदात की सूचना दी।



क्लेटेन कास्टलिनो टोरंटो में कस्टम्स क्लियरेंस बिजनेस के प्रेसिडेंट हैं। उन्होंने सीबीसी न्यूज से बातचीत में बताया कि कार्गो फैसिलिटी से कोई कार्गो ले जाने के लिए सिर्फ 2 चीजों की जरूरत होती है- कार्गो भेजने वाले की तरफ से एक लेटर और एक एयरवे बिल। इस बिल पर सही बिल नंबर होना चाहिए। चोरों के पास दोनों दस्तावेज थे। क्लेटेन के मुताबिक इनकी ठीक से जांच नहीं की गई।

चोरी में शामिल सिमरनप्रीत के भारत में होने का दावा : जांच में सामने आया कि ब्रैम्पटन निवासी 33 वर्षीय सिमरनप्रीत पनेसर ने इस चोरी में अहम भूमिका निभाई। पनेसर एयर कनाडा का पूर्व कर्मचारी है और उस पर एयरलाइन सिस्टम से छेड़छाड़ कर कार्गो को डायवर्ट करने का आरोप है। पुलिस का कहना है कि वह फिलहाल भारत में हो सकता है और उसके खिलाफ कनाडा में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

साल्ट का डिफाल्ट

रोज अपने खाने में ऊपर से नमक डालने की आदत अधिकांश लोगों की है। कई लोग सब्जी बनाते समय ही ज्यादा नमक डालते हैं तो कई ऊपर से डालकर खाना पसंद करते हैं। लेकिन, ये सही नहीं है लोगों को सबसे पहले प्रोसेस फूड या अचार-पापड़ से दूर जाना पड़ेगा। क्योंकि, इनमें नमक की मात्रा अधिक होती है। आहार विशेषज्ञों का मानना है कि 25 साल तक तो नमक की ज्यादा मात्रा हजम की जा सकती है। लेकिन, इसके बाद इस पर कंट्रोल जरूरी है। ज्यादा नमक जिंदगीभर की बीमारी दे सकता है। क्षणभर के स्वाद के लिए यह कीमत ठीक नहीं। बच्चे भी भूख लगने पर चिप्स या पिज्जा पसंद करते हैं। कुछ लोग टाइम पास करने के लिए नमकीन मूंगफली के दाने भी खाते हैं। आपको यह जानकर हैरत होगी कि इस तरह के भोजन से शरीर को जरूरत से तीन गुना ज्यादा नमक मिलता है।

बढ़ जाता है सोडियम

25 साल की उम्र तक सामान्य लोगों को 2 से 3 ग्राम नमक खाना चाहिए और हाई ब्लड प्रेशर वालों को 1 ग्राम तक। फिर धीरे-धीरे नमक की मात्रा को कम कर देना चाहिए। नमक ज्यादा खाने से ब्लड और प्लाज्मा में सोडियम की मात्रा बढ़ जाती है। सामान्य व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 120 बाय 80 होता है। ज्यादा नमक खाने से नसें छोटी हो जाती हैं। इससे उनमें ब्लड का प्रेशर बढ़ जाता है। इसके कारण अधिकतर लोग बीपी से परेशान हो जाते हैं। उनके पास छोटी उम्र के ब्लड प्रेशर मरीज भी बड़ी संख्या में आते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि 10 साल की उम्र के लोग भी बीपी के शिकार होते हैं। इसका एकमात्र कारण टीवी के सामने बैठकर चिप्स या कुरकुरे जैसी चीजें खाना है। कोल्ड ड्रिंक्स, पापड़, मीठे सोडे से बनी चीजें, पॉपकॉर्न, रोस्टेड नट्स खाने से भी ऐसी परेशानी होती हैं। इसे खाने से बचना चाहिए। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. नीना ओझा के अनुसार हर व्यक्ति को रोजाना सिर्फ 6 ग्राम नमक की जरूरत होती है। 18 से 40 साल तक के व्यक्तियों को इस मात्रा के अनुसार ही नमक खाना चाहिए। उम्र बढ़ने पर इसमें और भी कमी की जरूरत होती है।

इस मामले में बच्चों का खास ख्याल रखने की जरूरत है। उन्हें ज्यादा नमक खाने से रोकना चाहिए। आयुर्वेद विज्ञान के मुताबिक नमक पांच तरह के होते हैं। इसमें सेंधा नमक या रॉक सॉल्ट सबसे कम हानिकारक होता है। नमक बोले तो विज्ञान की भाषा में नमक को सोडियम क्लोराइड कहते हैं। इसमें पाया जाने वाला सोडियम शरीर के लिए फायदेमंद है। यह पोषक तत्वों को ब्लड सेल तक ले जाता है। क्लोराइड बैक्टीरिया खत्म करता है। इसके विपरीत इसकी ज्यादा मात्रा हाई ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक और हार्ट अटैक जैसी समस्याओं को जन्म देती है।

ऐसे करें कम

- ब्रेड, प्रोसेस फूड, चीज, प्रोसेस मीट, कोल्ड वेजीटेबल, टिप्स, पापड़, अचार, सोया सॉस, पास्ता सॉसेस को नजरअंदाज करें।
- स्लिमिंग सूप और पास्ता को भी अनदेखा करें। निकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए नमक का प्रयोग होता है।
- ताजे फल और सब्जियों को भोजन में शामिल करें।
- नमक की जगह ऑरेंज, लेमन ज्यूस और लहसुन से रिप्लेस करें।
- अजीनोमोटो यानी मोनो सोडियम ग्लूकोजमेट का प्रयोग न करें।
- सॉल्टेड दाने, नट और पिज्जा न खाएं।
- फ्राइड राइस और हक्का नूडल्स जैसी डिशेस में बहुत ज्यादा नमक होता है।
- खाने से पहले अदरक की स्लाइस में सेंधा नमक लगाकर खाने से डाइजेशन सुधरता है।

हेल्थ प्लस

अनार करे कई रोगों को छूमंतर

फलों के संसार में सबसे सुंदर फल है अनार। यह देखने में जैसा सुंदर है, वैसा उत्तम गुणकारी है। अनेक रोगों की दवा है अनार । इसलिए, कहावत बन गई है, 'एक अनार सौ बीमार' अनार में छोटे-छोटे दाने होते हैं, मूंगे जैसे लाल रंग के लेकिन कुछ सफेद दाने वाले भी अनार होते हैं। यह तीन स्वादों में होता है। मीठा, खट्टा-मीठा और खट्टा ।

अनार कई रोगों में गुणकारी है। मीठे अनार तृषा, पित्तशामक, कृमि का नाश करने वाला, पेट रोगों के लिए हितकारी तथा घबराहट को दूर करने वाला होता है। अनार स्वरतंत्र, फेफड़े, हृदय, यकृत, आमाशय तथा आंतों के रोगों पर काफी लाभकारी है । अनार खाने से शरीर में शक्ति और विशेष प्रकार की चेतना उत्पन्न होती है। अनार के सभी अंगों का उपयोग औषधि के रूप में किया जाता है। आइए आज हम आपको बताते हैं बरसों से अपनाई जाने वाली दादी मां के कुछ असरदार नुस्खे -

आंखों की बीमारियों मे :

अनार के दानों को पीसकर उसका रस छान लें । इस रस को आंखों में डालने से आंखों की लाली और गर्मी दूर होती है।

पित्त की गर्मी :

मीठे पके हुए अनार का 400 ग्राम रस निकालें फिर इसमें 600 ग्राम चीनी मिलाकर आग पर पकाकर चाशनी बनाएं फिर इसमें 5 ग्राम केसर व 10 ग्राम इलायची का बारीक चूर्ण मिलाकर शीशे की बोतल में रख लें। 20 ग्राम की मात्रा में इस शर्बत को लेकर उतनी ही मात्रा में पानी मिलाकर पीएं। इससे पित्त वृद्धि के कारण उत्पन्न शारीरिक गर्मी और बेचैनी से राहत मिलती है। यह पित्त को खत्म करने वाला बेहतरीन शर्बत है। सेहत और स्वाद का तो जवाब नहीं ।

पित्त ज्वर :

100 ग्राम अनार का रस चीनी मिलाकर सुबह-शाम पीने से पित्त ज्वर शांत होता है। इससे लू विकार , घबराहट , उल्टी ,तृषा आदि का भी खात्मा होता है। अनार आपको वैसे भी कई रोगों से बचाता है।

अरूचि :

भूख न लगती हो, खाने के प्रति अरूचि हो तो 100 ग्राम अनार में एक चम्मच शहद व थोड़ा-सा सेंधा नमक मिलाकर पीने से लाभ होता है।

हृदय दर्द :

अनार के दानों का रस 10 ग्राम और मिश्री 10 ग्राम मिलाकर दिन में तीन बार पीने से हृदय का दर्द दूर होता है।

दांत का दर्द :

अनार के फूल को छाया में सुखाकर बारीक पीस लें। इसे मंजन की तरह दांतों पर मलने से दांत मजबूत होते हैं। दांतों से निकलने वाला खून भी बंद होता है।

बवासीर में :

बवासीर से निजात पाने के लिए अनार के छिलके का चूर्ण 5 ग्राम की मात्रा में लेकर उसमें नागकेसर मिलाकर सेवन करना चाहिए। इसे दिन में तीन बार कम से कम 10 दिनों तक लेते रहने से बवासीर से बचाव होता है।

बचें पानी की कमी से

ज्यादा मितली तथा उल्टी के कारण शरीर में निर्जलीकरण या पानी की कमी हो जाता है। इससे कुपोषण का खतरा हो जाता है। गर्भावस्था के पहले तीन मास में मितली होना तथा वमन (उल्टी) बहुत आम समस्या है।

- यह अधिकतर सुबह के समय होता है।
- गर्भावस्था के पहले 4 से 8 सप्ताह से प्रारंभ होकर 16 से 20 सप्ताह तक रहता है।
- कभी-कभी अत्यधिक मितली तथा उल्टी के कारण शरीर में निर्जलीकरण या पानी की कमी तथा कुपोषण होने का भय रहता है। इसे हाइपरएमैसिस ग्रैविडेरम या अतिवमन के नाम से जाना जाता है, जिसमें तुरंत चिकित्सा की आवश्यकता होती है।

संभावित कारण

- शरीर में हॉर्मोन के स्राव में परिवर्तन।
- रक्त में शकर की कमी।
- मानसिक तनाव, यात्रा तथा कुछ खाद्य पदार्थ समस्या में वृद्धि कर सकते हैं।

आराम पाने के सरल उपाय

- सुबह बिस्तर से उठने से पहले ठोस आहार जैसे बिस्किट अथवा सिका हुआ टोस्ट खाएं।
- जागने के तुरंत बाद बिस्तर से न उठें। धीरे-धीरे थोड़ा समय लगा कर उठें।
- एक साथ भोजन लेने की अपेक्षा, थोड़े समय के अंतर पर थोड़ी-थोड़ी मात्रा में कुछ खाते रहें। खाना न छोड़ें।
- जिन खाद्य पदार्थों की गंध से लक्षणों में वृद्धि हो, उन्हें न खाएं।
- पानी तथा अन्य तरल पदार्थ पर्याप्त लें।
- जब भी अवसर मिले, पर्याप्त आराम और नींद अवश्य लें।
- अदरक तथा खाद्य पदार्थ जिनमें विटामिन बी-12 की मात्रा अधिक हो जैसे अन्न, मेवे तथा फलियां आदि के सेवन से लक्षणों में सुधार आ सकता है।

चिकित्सक की सलाह लें

- उपरोक्त उपायों से लक्षणों में कमी न आए।
- यदि दिन में तीन बार से अधिक उल्टी हो।
- यदि कोई भी खाद्य या तरल पदार्थ लेने से उल्टी हो।

यहां कुछ होम्योपैथिक औषधियां दी जा रही हैं, जिन्हें मितली तथा उल्टी के प्राथमिक उपचार में प्रयोग किया जा सकता है। किसी भी औषधि के प्रयोग से पहले किसी योग्य होम्योपैथिक चिकित्सक की सलाह लेना उचित रहेगा।

लक्षण और दवाइयां

सिम्फोरिकारपस रेसिमोसा 30

- बार-बार उल्टी होना।
- मितली में यदि चलने-फिरने से वृद्धि हो तथा पीठ के बल लेटने से आराम मिले।
- खाद्य पदार्थों के प्रति अरूचि होना।
- मुंह का स्वाद कड़वा होना तथा खट्टा अम्लीय द्रव (एसिड) मुंह में आना।

इपिकाकुआन्हा 30

- लगातार मितली या उल्टी होना।
- साफ जीभ के साथ, मुंह में अधिक लार बनना।
- पानी पीने की इच्छा न होना।

लोबीलिया इन्फ्लाटा 30

- अत्यधिक मितली तथा उल्टी होना।
- उदर (पेट) के ऊपरी क्षेत्र में कमजोरी तथा खालीपन का आभास होना।
- मुंह में अत्यधिक लार बनना तथा अत्यधिक भूख लगना।

नक्स वॉमिका 30

- मितली तथा उल्टी के साथ अत्यधिक उबकाई आना।
- उल्टी की प्रवृत्ति होते हुए भी उल्टी न होना।

सीपिया 30

- खाद्य पदार्थों की गंध तथा उन पर दृष्टि पड़ने पर भी मितली होना।
- करवट में लेटने से तथा सुबह कुछ खाने से पहले लक्षणों में वृद्धि होना।
- खाने के बाद उल्टी हो जाना।

उम्र बढानी है तो चर्बी कम करें



पिछले दिनों नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट के अध्ययन की जो रिपोर्ट सामने आई उससे ज्ञात हुआ कि अधिक वजन वाले व्यक्तियों को मृत्यु का खतरा 20 से 40 प्रतिशत तक अधिक हो सकता है। वैसे भी शोध बताते हैं कि मोटापे का अर्थ है, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल, कैंसर, दिल की बीमारी और स्ट्रोक। अनेक ऐसी बीमारियां हैं जो केवल मोटापे की देन हैं।

अभी तक अनेक अनुसंधान इस विषय पर हो रहे हैं और नतीजे आने बाकी हैं। लेकिन इसमें संदेह नहीं कि मोटापा जिंदगी के कुछ साल कम कर देता है। बॉडी मास इंडेक्स 18.5 से 24.9 तक सामान्य, 25 से 29.9 तक ज्यादा और 30 या उससे ज्यादा वजन को मोटापे की श्रेणी में रखा जाता है। यदि आप बहुत मेहनत का काम नहीं करते तो जितना वजन है उसी पर टिके रहें। इसमें आप 30 कैलरी प्रतिकिलो के हिसाब से एक दिन में ले सकते हैं। मेहनत-मशक्कत करने वाले हैं तो प्रतिदिन 35 कैलरी ले सकते हैं। ध्यान रखें कियदि वजन कम करना चाहते हैं तो प्रतिदिन की कुल कैलरी में 500 कैलरी कम कर दें। वजन बढाने के लिए ठीक इसका उल्टा कर दें यानी 500 कैलरी ज्यादा लें।

कैंसर के मरीज ठंड से बचें

बीमार आदमी को यूं भी ठंड में परेशानी ज्यादा होती है। लेकिन आम आदमी शायद यह नहीं जानता होगा कि कैंसर के रोगियों की परेशानी ठंड में 15 से 20 गुना बढ जाती है। विशेषकर जिन मरीजों की कीमोथेरेपी या रेडियो थेरेपी हो रही हो, उन्हें सर्दी बहुत तंग करती है। ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टीट्यूट के डॉक्टर हर्ष का कहना है कि कैंसर के रोगी को विशेष देखभाल की जरूरत होती है। इन्हें सर्दी-जुकाम से बचना चाहिए। सर्दी में उनकी बीमारी से लड़ने की क्षमता कमजोर हो जाती है। सर्दी के मौसम में कैंसर के कारण होने वाले रोगों में हाइपोथर्मिया भी है। जब शरीर जरूरत के हिसाब से गर्मी न पैदा कर पाए तो समझ लेना चाहिए कि हाइपोथर्मिया हावी हो गया। सर्दी में शीत लहर से ग्रस्त होने पर त्वचा और नीचे के ऊतक फ्रीज हो जाते हैं। इसमें त्वचा पीली हो सुन्न हो जाती है। इसका ज्यादा असर उंगलियों, नाक और कान पर होता है।



टाईम पास

आज का राशिफल

मेष (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

वृष (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

मिथुन (का की कू घ ङ छ के को हा)
शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

कर्क (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

सिंह (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

कन्या (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

तुला (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

वृश्चिक (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

धनु (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

मकर (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

कुंभ (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

मीन (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-3-5-6

काकुरो पहेली - 1957



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

■	24\15	1	2	3	4	5
	7					
	8					
	9					

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

काकुरो - 1956 का हल

■	■	23\	17\	■	■	24\	3\	■	■
■	24\16	7	9	■	11\11	9	2	22\	■
\23	9	6	8	24\19	2	7	1	9	17\
\8	7	1	23\21	9	4	8	20\16	7	9
\35	8	9	6	7	5	12\23	9	6	8
■	4\	12\17	9	8	11\17	9	8	24\	7\
\15	3	4	8	21\15	1	2	3	5	4
\3	1	2	17\9	5	3	1	16\11	9	2
■	\30	6	8	9	7	\10	7	2	1
■	■	\16	9	7	■	\17	9	8	■

लॉफिंग ज़ोक्स

चिंकी (सोनू से)– तुम्हें पता है, मेरा भतीजा इतना खराब है कि दिन में कम से कम सात-आठ बार कपड़े बदल ही लेता है।

सोनू परेशान होकर– ऐसा क्यों? क्या उसे कपड़े बदलने की बीमारी हो है?

चिंकी– नहीं नहीं....! अरे पगली! अभी तो वह छः माह का ही है।

□ □ □

शादी की पच्चीसवीं सालगिरह पर पार्टी में आए मेहमानों ने जब नरेश से पूछा कि- बताओ नरेश! आपके हिसाब से सफल वैवाहिक जीवन का राज क्या है?

नरेश बोला– यह वैवाहिक जीवन तभी सफल साबित हो सकता है जब पत्नी बहरी और पति पूरी तरह अंधा बनकर जीवन बिताएँ।

□ □ □

पेशी के दौरान वकील महिला से बोला– जब तुम उस अपराधी से मिलने गई थी और उसने तुमसे जो कहा था, वो अदालत में जज साहब से कह दो।

महिला– नहीं...! मैं वो बात किसी भले आदमी के सामने नहीं कह सकती।

वकील बोला– तो ठीक है! जाकर जज साहब के कान में तो कह ही सकती हो।

□ □ □

फिल्म वर्ग पहेली - 1957



बायें से दायें:-

१. अभिषेक, करीना की 'जिसे तू ना मिला उसे कुछ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कितनी खूबसूरत ये' गीत वाली अमिताभ, विनोद, राखी की फिल्म-४
६. 'दिल विल प्यार व्यार' में आर. माधवन के साथ नायिका-३
७. सनी, प्रीति जिंटा की 'देखें भी तो क्या देखें' गीत वाली फिल्म-२
८. 'कैसी है दिल की लगी' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१०. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार की नायिका कौन थी?-२
१२. 'दिल में जागी धड़कन' गीतवाली लक्कीअली, गौरी की फिल्म-२
१४. 'माया मेमसाब' में शाहरूख के साथ नायिका कौन थी-२
१५. अजय देवगन, रवीना की 'एक से लेकर दस तक' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'लिखे जो खत तुझे' गीत वाली शशिकपूर, आशापारेख की फिल्म-४
२१. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज मदहोश हुआ जाए रे' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
२५. मनोज वाजपेयी, तब्बू की 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. फिल्म 'इंडियन' में शिल्पा शेट्टी के साथ नायक कौन था?-२
२७. फिल्म 'बँबई से आया मेरा दोस्त' की नायिका कौन थी?-२
२९. 'आज फिर तुम पे प्यार आया है' गीत वाली फिल्म-४
३१. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
३३. नसीर, अतुल, पूजाभट्ट की 'आज हमने दिल का' गीत वाली फिल्म-२
३४. 'गम का फसाना बन' गीत वाली फिल्म-४

ऊपर से नीचे:-

१. 'शरारत' में अभिषेक की नायिका?-३
२. 'अजनबी' में राजेश की नायिका?-३
३. अरशद, मयूरी कांगो की 'गुनगुनाती हुई इक नदी' गीत वाली फिल्म-३
४. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
५. सनी, सुनील, शिल्पा की 'शाम भी खूब है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
९. संजय कपूर, जूही चावला की 'प्यार में दिल का' गीत वाली फिल्म-३
११. 'दूल्हा-दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली अमिताभ, हेमा की फिल्म-३
१३. 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'तू ही तू सतरंगी' गीतवाली फिल्म-२,१
१६. राज कुमार, हेमा, शत्रुघ्न, विजयेंद्र, मिथुन की १९८४ की एक फिल्म-३
१८. चंद्रचूड़सिंह, महिमा की फिल्म-२
१९. मिलिंद, विक्रम सलूजा, किरण की 'चंदा की चांदनी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'जैसे इक चाँद का टुकड़ा' गीत वाली सनी, अनिल, किमी की फिल्म-४
२२. 'बॉक्सर भाई' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'चंपई धूप के साये' गीतवाली फिल्म-२
२६. 'आँखों में नींदें ना दिल में करार' गीत वाली फिल्म-३
२८. संजय कपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'ये कैसा है शहर' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'कसूर' में आफताब शिवदासानी के साथ नायिका कौन थी-२

फिल्म वर्ग पहेली - 1956

अं	जा	म	■	जै	■	बा	द	शा	ह
गा	■	न	म	की	न	■	म	■	म
रे	खा	■	हा	■	गी	त	■	ही	रा
■	मो	ह	रा	■	ना	रा	ज	■	ज
■	शी	■	जा	नू	■	जू	■	फ	■
स	■	गो	■	त	ब्बू	■	दो	रा	स्ते
ती	स	रा	कौ	न	■	बा	■	र	■
श	■	■	न	■	जं	जी	र	■	घा
शा	र	दा	■	जं	ग	■	क्ष	त्रि	य
ह	■	सी	मा	■	ल	■	क	■	ल

सूडोकु -1957

		8			4			
1								9
3				2			5	
			1				8	
		5				4		
	7				9			
	6			3				2
9								1
			8			7		

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु - 1956 का हल

3	6	8	5	9	1	4	7	9
7	9	1	4	6	3	5	8	2
2	4	5	7	2	8	6	3	1
9	1	3	2	5	4	8	6	7
4	6	2	8	1	7	9	5	3
5	8	7	6	3	9	1	2	4
3	2	4	1	8	5	7	9	6
8	7	6	9	4	2	3	1	5
1	5	9	3	7	6	2	4	8

शब्द पहेली - 1957



बाएँ से दाएँ

1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

ऊपर से नीचे

1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

शब्द पहेली - 1956 का हल

ह	ल	च	ल	■	टा	■	द	वा	खा	ना
■	क्ष्य	■	व	■	ल	क	वा	■	र	ज
ज	■	■	कु	सु	म	■	त	■	■	नी
ब	द	मा	श	■	टो	ना	■	सौ	त	न
र	■	हि	■	फा	ल	■	प्रा	■	न	■
न	ग	र	वा	सी	■	ग	ण	ना	य	क
■	र	■	द	■	मा	ली	■	पा	■	ल
अ	ल	ग	■	म	न	■	चौ	की	दा	र
प	■	■	चि	■	सि	स	की	■	■	व
रा	ज	■	क	न	क	■	दा	■	मे	■
ध	ड़	क	न	■	ता	■	री	मा	ला	गू

'फूलों की घाटी' की ऊंची चोटियों पर चार दिन से आग का तांडव, सेना की मदद के लिए सरकार को लिखा पत्र

एजेंसरी

देहरादून। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित विश्वप्रसिद्ध 'फूलों की घाटी' के बफर जोन क्षेत्र में स्थित ऊंची चोटियों के जंगलों में पिछले चार दिन से आग लगी हुई है। वन विभाग की टीम ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन क्षेत्र की विषम भौगोलिक परिस्थितियों और हाड़ कंपा देने वाली ठंड के कारण टीम को पीछे हटना पड़ा। जिला प्रशासन ने आग पर काबू पाने के सेना से मदद के लिए सरकार को पत्र लिखा है। जिले में समुद्र तल से लगभग 3500 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पुलना और भ्यूंडार गांव के ठीक सामने की पहाड़ियों पर 9 जनवरी से आग धधक रही है। आग की गंभीरता को देखते हुए वन क्षेत्राधिकारी चेतना कांडपाल के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम घटनास्थल के लिए रवाना हुई थी। विभाग ने सर्वप्रथम स्थानीय ग्राम पुलना के महिला मंगल दल और अन्य ग्रामीणों से सहयोग की अपील की, ताकि सामूहिक प्रयासों से आग को बुझाया जा सके। हालांकि, आग वाले स्थान के अत्यधिक दुर्गम और जोखिम भरा होने के कारण ग्रामीणों ने वहां जाने में असमर्थता व्यक्त की। ग्रामीणों का कहना था कि ऐसी खड़ी और खतरनाक पहाड़ियों पर जाना जीवन को सीधे तौर पर संकट में डालना है। विभागीय टीम ने प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद आगे बढ़ने का निर्णय लिया और दांडीसाल के रास्ते लक्ष्मण गंगा को पार किया,लेकिन जैसे-जैसे टीम ऊपर की ओर बढ़ी, प्रकृति की चुनौतियों ने रास्ता रोक दिया।

नीलगिरि में पोंगल उत्सव में शामिल हुए राहुल गांधी, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सौहार्द पर दिया जोर

नीलगिरि। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तमिलनाडु दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने नीलगिरि जिले के गुडलूर (कूडलोर क्षेत्र) स्थित एक निजी विद्यालय में आयोजित धर्मनिरपेक्ष समानता पोंगल उत्सव में भाग लिया और छात्रों को संबोधित किया। अपने संबोधन की शुरुआत में राहुल गांधी ने बारिश में बच्चों को बैठने की असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया। इसके बाद उन्होंने कहा कि आज का दौर सूचना का युग है, जहां जानकारियां आसानी से उपलब्ध हैं, लेकिन उन जानकारियों को ज्ञान में बदलने की क्षमता विकसित करना ही शिक्षा का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिना सोचे-समझे सूचनाओं को स्वीकार किया गया, तो समाज गलत दिशा में चला जाएगा। राहुल गांधी ने अपने छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि वे स्कूल के दिनों में काफी शरारती थे और शिक्षकों के लिए एक कठिन छात्र माने जाते थे। उन्होंने बताया कि छात्रावास में रहते हुए भी वे खुश रहते थे और अपनी दादी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से उन्होंने जीवन के महत्वपूर्ण मूल्य सीखे। उन्होंने यह भी कहा कि माता-पिता से मिलने की चाह में वे कभी-कभी यह कह देते थे कि वे खुश नहीं हैं।

मप्र में मराठी साहित्य अकादमी के कविवर्य भास्कर रामचंद्र तांबे पुरस्कारों की घोषणा

भोपाल। मध्य प्रदेश में मराठी साहित्य अकादमी, भोपाल द्वारा स्थापित 'कविवर्य भास्कर रामचंद्र तांबे कृति पुरस्कारों' की घोषणा कर दी गई है। कैलेंडर वर्ष 2021 के लिए यह पुरस्कार कविता-नाटक और कहानी-उपन्यास की श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे। मराठी गौरव दिवस के मौके पर आगामी 27 फरवरी को भोपाल में आयोजित भव्य समारोह में वर्ष 2021 की कृतियों के तीन साहित्यकारों को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जलगांव के रचनाकार बालकृष्ण सोनवणे को कविता-नाट्य लेखन श्रेणी में उनकी कृति समजूतदार जाणिवांचे कवाडसे को पुरस्कार के लिए चुना गया है। कहानी (कथा)/कादम्बरी (उपन्यास) श्रेणी में दो रचनाकारों को संयुक्त रूप से पुरस्कृत किया जाएगा। इसमें मुंबई के जयंत पवार की कृति मोरी नींद नसानी होय और सोलापुर की गीता जोशी की कृति डोकं शाबूत आहे का चयन किया गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के जयपुर आगमन की तैयारियों की समीक्षा, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में बैठक

जयपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के 16 जनवरी को प्रस्तावित जयपुर आगमन के संबंध में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सचिवालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राष्ट्रपति के कार्यक्रमों से संबंधित प्रशासनिक, सुरक्षा एवं प्रोटोकॉल तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश देते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, आवास, चिकित्सा सुविधाओं, साफ-सफाई तथा प्रोटोकॉल संबंधी सभी व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति का आगमन प्रदेश के लिए गौरव का विषय है, ऐसे में सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ करें।

भ्रष्टाचार कानून की धारा 17ए को सुप्रीम कोर्ट के एक जज ने बताया असंवैधानिक, दूसरे ने दी सशर्त मंजूरी

एजेंसी

नई दिल्ली । सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए की संवैधानिकता पर खंडित फैसला सुनाया है। यह प्रावधान 2018 के संशोधन द्वारा जोड़ा गया था, जिसमें यह अनिवार्य है कि अधिनियम के तहत किसी लोक सेवक के खिलाफ जांच शुरू करने से पहले सरकार से पूर्व मंजूरी लेनी होगी। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथ की बेंच ने अलग-अलग फैसला सुनाया है। भ्रष्टाचार विरोधी कानून पर दोनों जज एक-दूसरे से असहमत दिखे हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने कहा कि धारा 17ए असंवैधानिक है, वहीं जस्टिस केवी विश्वनाथन ने ऐसा करने से इनकार किया। इसके बजाय उन्होंने इसे इस तरह से पढ़ा कि मंजूरी का सवाल

लोकपाल या लोकायुक्त द्वारा तय किया जाना चाहिए। जस्टिस नागरत्ना ने कहा, 'धारा 17ए असंवैधानिक है और इसे खत्म कर देना चाहिए। कोई पूर्व मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है।' उनके अनुसार यह प्रावधान विनीत नारायण और सुब्रमण्यम स्वामी मामलों में जिन व्यवस्थाओं को पहले ही खत्म किया जा चुका है, उन्हें दोबारा लागू करने की कोशिश है। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि पूर्व मंजूरी की शर्त कानून के मूल उद्देश्य के ही खिलाफ है। यह जांच प्रक्रिया में बाधा पैदा करती है और ईमानदार एवं सत्यनिष्ठ अधिकारियों की रक्षा करने के बजाय उन भ्रष्ट लोगों को बचाने का काम करती है, जिन्हें वास्तव में किसी संरक्षण की आवश्यकता नहीं है।

जबकि जस्टिस विश्वनाथन ने कहा कि एक स्वतंत्र एजेंसी, जो कार्यपालिका से मुक्त हो, उसे मंजूरी का सवाल तय करना चाहिए। इसलिए उन्होंने निर्देश दिया कि मंजूरी लोकपाल/लोकायुक्त द्वारा तय की जानी चाहिए। धारा 17ए संवैधानिक रूप से वैध है, इस शर्त के साथ कि मंजूरी राज्य के लोकपाल या लोकायुक्त द्वारा तय की जानी चाहिए। 'उन्होंने आगे कहा कि इस प्रावधान को खत्म करने का मतलब 'बच्चे को नहाने के पानी के साथ बाहर फेंक देना' होगा और जब तक ईमानदार और लोक सेवकों को बेवजह की जांच से नहीं बचाया जाता, तब तक 'नीतिगत लकवा' आ जाएगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लोक सेवक को दुर्भावनापूर्ण मामलों से बचाने की जरूरत और सार्वजनिक कार्यालयों में ईमानदारी बनाए रखने के महत्व के बीच एक अच्छा संतुलन बनाए रखना होगा।

संजय राउत का बड़ा बयान, कहा- मराठी मानुष को भाजपा से सबसे बड़ा खतरा

एजेंसी

मुंबई । महाराष्ट्र में नगर निगम चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल लगातार गर्म होता जा रहा है। 15 जनवरी को राज्य के 29 नगर निगमों में होने वाले मतदान से पहले सभी राजनीतिक दल पूरी ताकत से मैदान में उतर चुके हैं। इसी बीच शिवसेना (यूबीटी) के राज्यसभा सांसद संजय राउत के एक बयान ने सियासी हलकों में हलचल मचा दी है। मुंबई में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में संजय राउत ने फर्जी और डुप्लीकेट मतदाताओं का मुद्दा उठाते हुए तीखा बयान दिया। उन्होंने दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी) ने ऐसे मतदाताओं पर नजर रखने के लिए करीब 5,000 लोगों की एक टीम तैयार की है। संजय राउत ने कहा कि जहां भी फर्जी मतदाता दिखाई देंगे, वहां से उन्हें सूचना मिलेगी और पार्टी कार्यकर्ता मौके पर पहुंचेंगे। शिवसेना और मनसे की टीमें हर जगह मौजूद हैं और वे फर्जी मतदान को बर्दाश्त नहीं करेंगे। संजय राउत ने आरोप लगाया कि फर्जी मतदान गैरकानूनी है और चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की साजिश का हिस्सा है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट पर पैसे बांटने का आरोप भी लगाया।

राउत ने कहा कि जहां शिंदे गुट के लोग पैसे बांट रहे हैं, वहां भाजपा के लोग उनसे निपट रहे हैं, और जहां भाजपा के लोग पैसे बांट रहे हैं, वहां शिंदे गुट के लोग कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि इस समस्या से निपटने की जिम्मेदारी उन्होंने उन्हीं पर छोड़ दी है और मानो यह काम 'आउटसोर्स' कर दिया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संजय राउत भाजपा नेता के. अन्नामलाई के एक बयान पर भी नाराज नजर आए।

कांग्रेस नेता बोम्मा महेश के सनातन पर दिया उनका बयान अज्ञानता का परिणाम : गिरिराज सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस एमएलसी बोम्मा महेश के सनातन धर्म पर दिए बयान की आलोचना की। इसे भारतीय संस्कृति को लेकर उनकी 'अज्ञानता' का परिणाम बताया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि गीता में कहा गया है कि 'यदा यदा धर्मस्य ग्लानि भवति भारत' अर्थात जब-जब भारत में ऐसे असुर पैदा होंगे, तो राम और कृष्ण पैदा होंगे। इसी को देखते हुए मौजूदा समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जो भारत में अनवरत विकास के पथ पर अग्रसर कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत दोहरी गति से विकास कर रहा है और विकास से संबंधित कामों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि आज की तारीख में कांग्रेस और मणिशंकर अय्यर पाकिस्तान के एंबेसडर बन चुके हैं, जो पाकिस्तान की आवाज हैं। ये लोग लगातार पाकिस्तान के हित में अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। इससे यह साफ जाहिर हो रहा है कि इन्हें भारत के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। ये लोग सिर्फ पाकिस्तान के बारे में सोचते हैं और उसके हित को लेकर ही अपनी आवाज को बुलंद करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने



आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में आतंकवादियों को पालने पोषणे का काम किया है। इन लोगों ने आतंकवाद को समृद्ध किया। इन लोगों ने ऐसा करके देश की शांति में खलल पैदा करने की कोशिश की, जिसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पहले देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकी घटनाएं सुनने को मिली थी। लेकिन, आज की तारीख में ऐसा कहीं पर देखने को नहीं मिलता है। यह हमारे लिए सुखद संकेत है कि आज सभी आतंकवादियों चूहे की तरह किसी बिल में घुस चुके हैं। ये लोग आज की तारीख में सिर उठाने की जहमत नहीं उठा पा रहे हैं, नहीं तो अगर दौर था, जब इन लोगों ने आम लोगों का जीना दूभर कर दिया था।उन्होंने कहा कि आज इस देश में आतंकियों के जेहन में कानून-व्यवस्था को लेकर खौफ का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अगर इन लोगों ने किसी भी प्रकार के नापाक इरादों को धरातल पर उतारने के बारे में सोचा, तो इन लोगों के लिए नर्क के द्वार खुल जाते हैं।

राजद और कांग्रेस के विधायकों में अपनी पार्टी और गठबंधन को लेकर नाराजगी : चिराग पासवान

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने कांग्रेस और महागठबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने विपक्ष की आंतरिक कमजोरियों को उजागर करते हुए कहा कि कांग्रेस और राजद में असंतोष साफ दिख रहा है। चिराग पासवान ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, 'जो बात साफ है, उसके लिए सबूत की क्या जरूरत है? जब आपका अपना विधायक आपकी पार्टी के कार्यक्रम में नहीं आता, तो यह साफ दिखाता है कि वहां कुछ ठीक नहीं है। मैंने पहले भी कहा है कि राजद और कांग्रेस के विधायकों में अपनी पार्टियों और गठबंधन को लेकर जो नाराजगी थी, वह अब सामने आ रही है। उनकी पार्टी और विधायक एकजुट रहेंगे या नहीं, इस पर मैं कोई कमेंट नहीं करूंगा।' उन्होंने राजद नेता तेजस्वी यादव के हालिया बयान पर भी कटाक्ष किया। तेजस्वी ने लोकतंत्र पर सवाल उठाते हुए कहा था कि 'लोक की हार हुई, तंत्र जीता'। चिराग ने पलटवार करते हुए कहा, 'यह कैसा लोकतंत्र है जिसका विपक्ष बार-बार जिक्र करता है? यह कैसी डेमोक्रेसी है जहां विपक्ष

खुद ही चुप रहेगा? क्या इसी वजह से आपको विपक्ष की भूमिका दी गई थी? अगर आपको चुप ही रहना था, तो आपको विपक्ष के नेता का पद किसी और को दे देना चाहिए था। '

इसके अलावा, महाराष्ट्र में चल रहे भाषा विवाद पर चिराग पासवान ने कहा, 'यह ऐसी सोच है जो देश को बांटती है। हम सब भारतीय हैं, और हर भारतीय को सभी भारतीय भाषाओं का सम्मान करना चाहिए। भाषाएं एक-दूसरे के लिए दोस्त, साथी और पार्टनर की तरह होती हैं। उन्हें साथ मिलकर आगे बढ़ना चाहिए। ' उन्होंने कहा, 'मैं बिल्कुल भी ऐसी सोच का समर्थन नहीं करता, जहां आप एक विदेशी भाषा को अपनाते हैं, आपको इंग्लिश से कोई आपत्ति नहीं है, आप अपने बच्चों को इंग्लिश-मीडियम स्कूलों में भेजते हैं, आप अपने बच्चों को विदेश पढ़ने भेजते हैं, लेकिन आपको एक भारतीय भाषा को अपनाने पर आपत्ति होती है। '

कांग्रेस ने चीनी प्रतिनिधिमंडल से भाजपा नेताओं की मुलाकात पर उठाए सवाल

एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) के प्रतिनिधिमंडल की यहां भाजपा नेताओं से मुलाकात और चीन के जम्मू-कश्मीर की शक्सगाम घाटी इलाके को अपना बताने पर सवाल उठाया।कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा, भाजपा ने अपने मुख्यालय में सीपीसी के नेताओं के साथ बैठक की। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या इस बैठक में उन मुद्दों पर चर्चा हुई, जिनमें चीन ने भारत के हितों पर कुठाराघात किया है। खेड़ा ने पूछा कि क्या इस दौरान गलवान, लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश पर बात हुई, क्या शक्सगाम घाटी पर चीन के दावे पर चर्चा हुई और क्या इस बैठक में सेना के अधिकारियों द्वारा बताए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन-पाकिस्तान सहयोग का मुद्दा उठा। उन्होंने कहा कि चीन ने पाकिस्तान को

एचक्यू-9 एयर डिफेंस सिस्टम और पीएल-15 मिसाइलें दीं, जो ऑपरेशन सिंदूर में भारत को निशाना बना रही थीं, फिर भी सरकार ने चीन की शर्तों को स्वीकार करते हुए मानसरोवर यात्रा शुरू की। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की विदेश नीति डांवाडोल है। कांग्रेस प्रवक्ता कहा कि चीन हमारे देश के नक्शे को बदलने की कोशिश करता है, सरकार उनके ऐप प्रतिबंधित कर देती है। चीन हमारे फर्टिलाइजर और रेयर अर्थ मेटल रोक देता है, जिससे देश को नुकसान होता है। गलवान घाटी में हमारे 20 जवान बलिदान हुए, लेकिन सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता। खेड़ा ने आरोप लगाया कि चीन पैंगोंग झील के रास्ते मिलिट्री पुल बना रहा है और ब्रह्मपुत्र नदी पर डैम बना रहा है, लेकिन सरकार खामोश है।उल्लेखनीय है कि सोमवार को भाजपा और सीपीसी के बीच नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में बैठक हुई थी। सीपीसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सुन हेयान ने किया, जो सीपीसी के इंटरनेशनल डिपार्टमेंट के उप मंत्री हैं। भाजपा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने किया। भाजपा के विदेश मामलों के विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाला ने एक्स पोस्ट में लिखा था कि दोनों पार्टियों के बीच इंटर-पार्टी कम्युनिकेशन को बढ़ाने पर चर्चा हुई।

जनता के सुझावों का परीक्षण कर जनभावना के अनुरूप बनाया जाएगा बजट : राज्यवर्धन

एजेंसरी

दौसा। दौसा जिला प्रभारी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सिकराय की पांचोली ग्राम पंचायत में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों, हितधारकों एवं आमजन के साथ संवाद कर राज्य बजट के संबंध में सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि आमजन के प्रति संवेदनशील राज्य सरकार जनता के सुझाव प्राप्त कर जनभावना के अनुरूप बजट बना रही है। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आमजन के हित और पसंद का बजट पेश करने की पहल की, जिसके तहत सांसद फील्ड में जाकर विभिन्न हितबद्ध समूहों, विशेषज्ञों एवं आम लोगों से सुझाव लेते हैं और फिर उनका बजट में समावेश होता है। इसी से प्रेरित होकर राज्य सरकार ने भी गत दो बजट लोक भावना के अनुरूप प्रस्तुत किए। इसी मंशा को ध्यान में रखते हुए आगामी बजट के लिए सरकार लोगों से सुझाव ले रही है, उनकी समस्याएं सुन रही है और समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश एवं स्थानीय जरूरतों के अनुसार आज यहां बहुत महत्वपूर्ण सुझाव आए हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री एवं संबंधित विभाग के स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिकराय में स्टोन पार्क के लिए जमीन आवंटन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी हो जाएगी और अन्य सभी सुझावों को भी यथासंभव बजट में शामिल किया जाएगा।प्रभारी मंत्री ने कहा कि रात्रि चौपाल में लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया और प्राप्त परिवादों के निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। इन सभी परिवादों को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड कर जिला कलक्टर के स्तर पर साप्ताहिक समीक्षा की जाएगी।

आईआईटी खड़गपुर के प्रो. अभिजीत मुखर्जी को अंतरराष्ट्रीय 'एप्लाइड हाइड्रोजियोलॉजी पुरस्कार'

एजेंसी

खड़गपुर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर के भूविज्ञान एवं भूभौतिकी विभाग के वरिष्ठ और प्रख्यात प्रोफेसर अभिजीत मुखर्जी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का मान बढ़ाया है। उन्हें प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संस्था इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ हाइड्रोजियोलॉजिस्ट्स (आईएएच) द्वारा वर्ष 2025 के 'एप्लाइड हाइड्रोजियोलॉजी अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान को प्राप्त करने वाले वे पहले भारतीय वैज्ञानिक बन गए हैं। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित एक भव्य अंतरराष्ट्रीय समारोह के दौरान प्रदान किया गया। यूनाइटेड किंगडम स्थित इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ हाइड्रोजियोलॉजिस्ट्स विश्व की सबसे बड़ी भूजल विशेषज्ञ संस्था मानी जाती है, जिसका नेटवर्क 135 से अधिक देशों में फैला हुआ है। यह संस्था हर वर्ष उस वैज्ञानिक को यह सम्मान प्रदान करती है, जिसने भूजल प्रबंधन, जल संसाधनों के सतत उपयोग और वैश्विक जल संकट से निपटने के लिए उल्लेखनीय एवं व्यावहारिक योगदान दिया हो। संस्था की ओर से जारी

प्रशस्ति-पत्र में प्रो. अभिजीत मुखर्जी को एक उत्कृष्ट शिक्षाविद्, शोधकर्ता और वैश्विक दृष्टि रखने वाला वैज्ञानिक बताते हुए उनके कार्यों की विशेष सराहना की गई है। आईएएच के अनुसार, प्रो. मुखर्जी का शोध विशेष रूप से निम्न और मध्यम आय वाले देशों में मौजूद गंभीर हाइड्रोजियोलॉजिकल (भूजल संबंधी) समस्याओं पर केंद्रित रहा है, जिनके समाधान से करोड़ों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। उनके शोध कार्यों का प्रभाव न केवल शैक्षणिक जगत तक सीमित है, बल्कि नीति निर्माण और जल प्रबंधन योजनाओं में भी व्यापक रूप से देखा गया है। प्रो. मुखर्जी भूजल प्रदूषण, आर्सेनिक जैसी विषैली धातुओं की समस्या तथा हाइड्रोजियोकेमिकल प्रक्रियाओं पर किए गए अपने अनुसंधान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्यात हैं। उनका कार्य सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। उल्लेखनीय है कि प्रो. अभिजीत मुखर्जी को इससे पूर्व भी कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से नवाजा जा चुका है। वर्ष 2014 में उन्हें भारत सरकार द्वारा राष्ट्रपति के हाथों राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार प्रदान किया गया था। इसके बाद वर्ष 2020 में उन्हें विज्ञान के क्षेत्र का सर्वोच्च सम्मान माने जाने वाले शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कृषकों का एक दल जैविक खेती प्रशिक्षण के लिए पंतनगर रवाना

श्रीगंगानगर। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा वर्ष 2025-26 संख्या 115 के अनुसार किसानों की क्षमता वृद्धि कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्रों में आधुनिक तकनीकों के उपयोग हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से Knowledge Enhancement Programme के अन्तर्गत एक प्रशिक्षण दल (40 कृषक) को 13 से 19 जनवरी 2026 तक (सात दिवस यात्रा अवधि सहित) कृषक प्रशिक्षण हेतु गोविन्द बल्लभ पन्त कृषि एवं प्रोद्यौगिक विश्वविद्यालय, पन्तनगर-263145, उद्यमसिंह नगर (उत्तराखण्ड) के प्रशिक्षण हेतु कार्यालय उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा), श्रीगंगानगर से प्रस्थान किया। उक्त कृषक प्रशिक्षण दल को उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) डॉ. विनोद सिंह गौतम, सहायक निदेशक उद्यान प्रदीप शर्मा, उप परियोजना निदेशक आत्मा सुदेश कुमार, कृषि अधिकारी उद्यान अभिमन्यु गोदारा ने हरी झण्डी दिखाकर बस को रवाना किया।

महिला सशक्तिकरण राज्य सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों का केन्द्रबिंदु - भजनलाल शर्मा

एजेंसरी

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि शिक्षित और सशक्त महिलाएं समाज में सकारात्मक बदलाव की वाहक हैं। महिलाओं के आगे बढ़ने से ही प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की प्रत्येक महिला को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है, जिससे इस आधी आबादी की सक्रिय भागीदारी से विकसित तथा उत्कृष्ट राजस्थान का निर्माण किया जा सकेगा। शर्मा मुख्यमंत्री कार्यालय में महिला प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से ही आत्मनिर्भर परिवार, समाज और आत्मनिर्भर राजस्थान का निर्माण होगा। इसीलिए राज्य सरकार ने महिला सशक्तिकरण को अपनी नीतियों और कार्यक्रमों का प्रमुख केन्द्रबिंदु बनाया है। शर्मा ने आश्वस्त किया कि महिला प्रतिनिधियों के सुझावों को बजट 2026-27 में यथासंभव शामिल करने के प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री के अनुसार देश में महिला, युवा, किसान और गरीब चार जातियां हैं तथा जिनके समग्र

विकास से ही राष्ट्र का उत्थान संभव है। हमारी सरकार हर वर्ग से संवाद कर रही है। जिससे इनके सुझावों को नीतियों में समाहित किया जाए तथा प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को साकार किया जा सके। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत देय राशि 1 लाख रुपये से बढ़ाकर डेढ़ लाख रुपये की गई है जिससे 4 लाख 60 हजार बालिकाओं को लाभान्वित हुई है। वहीं, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत राशि को बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये किया गया है। इस योजना से लगभग 10 लाख गर्भवती महिलाओं को लाभ मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मा वाउचर योजना से गर्भवती महिलाओं को प्रदेशभर में निशुल्क सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक 2 लाख 26 हजार महिलाओं को इस सुविधा का लाभ मिल चुका है। इसी प्रकार, आंगनबाड़ी केंद्रों में अति कुपोषित बच्चों को दिए जाने वाले पोषण में दूध की मात्रा 15 ग्राम से बढ़ाकर 25 ग्राम प्रति पैकेट उपलब्ध कराने की योजना प्रारंभ की गई है। साथ ही, ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक संबल देते हुए दुग्ध उत्पादकों को 5 रुपये प्रति लीटर अनुदान दिया जा रहा है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में 19 लाख से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण प्रदान कर 12 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाई गई तथा अब लखपति दीदी मिलेनियर दीदी बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के आखिरी दो वर्षों (फरवरी 2022 से दिसंबर 2023 तक) की तुलना में वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अपराधों में 12 प्रतिशत तक की कमी आई है। इस दौरान महिला प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रमों एवं योजनाओं के लिए मुख्यमंत्री के निर्णयों एवं प्रयासों की सराहना की। महिलाओं ने स्वरोजगार, कौशल प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव दिए।

बैठक में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया, सहित वरिष्ठ अधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

पंजाब सीएम भगवंत मान 15 जनवरी को होंगे श्री अकाल तख्त साहिब के सामने हाजिर

एजेंसी

